
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल


ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 5 | ग्वालियर, 12 नवम्बर रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

### हमारी विश्वसनीयता पर कोई मां का लाल

## छत्तीसगढ़ की रैली में गरजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार (11 नवंबर) को राज्य के पाटन में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि बीजेपी की विश्वसनीयता पर कोई भी उंगली नहीं उठा सकता है. रक्षा मंत्री ने यह भी दावा किया कि बीजेपी केवल सरकार बनाने के नहीं, बल्कि समाज और देश को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति करती है. उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि बीजेपी को संसद के दोनों सदनों में बहुमत मिला तो अनुच्छेद 370, अयोध्या में राम मंदिर और तीन तलाक जैसे मुद्दों का हल किया गया.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, %%भारतीय जनता पार्टी की काम करने की एक शैली है, पार्टी के काम करने का एक तरीका है और हम लोग राजनीति करते हैं तो केवल सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं करते, हम राजनीति करते हैं तो समाज बढ़ाने के लिए राजनीति करते हैं, देश बढ़ाने के लिए राजनीति करते हैं. रक्षा मंत्री ने कहा, हमारी विश्वसनीयता पर भी कोई मां का लाल उंगली नहीं उठा सकता. हो सकता है हमारा कोई बीजेपी कार्यकर्ता कहता कुछ हो, करता कुछ हो, हो सकता है. जितना कहता हो उतना न कर पाता हो लेकिन पार्टी का जहां तक



सवाल है, मैं अपने प्रेस के मित्रों से भी कहना चाहूंगा, 1951 से जब हम भारतीय जनसंघ के रूप में काम कर रहे थे तब से लेकर आज तक हमारा चुनावी घोषणापत्र उठाकर देख लीजिए, जो हमने कहा वो हमने किया. 1951 में हम लोगों ने कहा था कि भारत की संसद के दोनों सदनों में हमको बहुमत मिल जाएगा, धारा (अनुच्छेद) 370, जिसके साथ जम्मू-कश्मीर को विशेषाधिकार प्राप्त है, हम चुटकी बजाकर समाप्त कर देंगे और आपने देखा कि हमने उसे समाप्त कर दिया. 1984 से हम कहते चले आ रहे हैं कि जब तक हम केंद्र में आएंगे और संसद के दोनों सदनों में बहुमत मिलेगा, अयोध्या की धरती पर भव्य राम का मंदिर बनकर रहेगा. अब 22 तारीख को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, 23 को हम-आप जाकर अपना शीश झुकाकर वहां पर राम लला के दर्शन कर सकते हैं. हम लोगों ने कहा था, हम आएंगे, हम तीन तलाक की प्रथा को समाप्त करेंगे और आपने देखा कि संसद के दोनों सदनों में बहुमत मिलने के साथ बाद चुटकी बजाकर हमने तीन तलाक की प्रथा को समाप्त कर दिया. बता दें कि छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को पहले चरण का मतदान हुआ था. चुनाव के दूसरे चरण में 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. पहले चरण के चुनाव में 20 सीटों पर 76.47 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की मतगणना बाकी चार राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम के साथ 3 दिसंबर को होगी.

## जिन्ना की मुस्लिम लीग वाली राजनीति कर रही कांग्रेसः सीएम हिमंत बिस्व सरमा



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार (11 नवंबर) को कांग्रेस पर मुहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग जैसी आजादी से पहले इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति अपनाने का आरोप लगाया. मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, अपने लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कांग्रेस एक धर्म के वोट बैंक पर कब्जा करने के लिए इतना नीचे गिर जाएगी. धर्म विशिष्ट घोषणापत्र लाकर कांग्रेस मुहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के सपने को पूरा कर रही है. असम के मुख्यमंत्री ने आगे कहा, महात्मा गांधी आजीवन मुहम्मद अली जिन्ना की ओर से समर्थित अलग निर्वाचन प्रणाली के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे. अब जिन लोगों ने गांधी उपनाम अपना लिया है, उन्होंने जिन्ना की नीतियों को पुनर्जीवित कर दिया है. हमारे स्वतंत्रता सेनानी के इस अपमान को न तो माफ किया जाएगा और न ही भुलाया जाएगा. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी साख का वर्णन करते हुए तेलंगाना में कांग्रेस के अल्पसंख्यक घोषणापत्र पर सवाल उठाया और पार्टी पर विभाजनकारी रणनीति अपनाने का तीखा आरोप लगाया. मुख्यमंत्री ने सभी भारतीयों से कांग्रेस पार्टी के जुमलों के छिपे अर्थ पर विचार करने का आग्रह किया और सवाल किया कि क्या जितनी आबादी उतना हक अवैध मुस्लिम आरक्षण करने के लिए एक मोर्चा है. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक घोषणापत्र के खुलासे से राजनीतिक विवाद बढ़ गया है. उद्घोषणा में तेलंगाना की अल्पसंख्यक आबादी के लिए व्यापक कार्यक्रम शामिल हैं जो रोजगार समानता, शिक्षा और वित्तीय सशक्तिकरण के बारे में हैं. असम के मुख्यमंत्री ने इन सुझावों पर अस्वीकृति व्यक्त की और उन्हें विभाजनकारी बताया. उन्होंने एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के मूल्यों के साथ उनकी स्थिरता पर संदेह जताया.

### बेटी मैं आपकी बात सुनूंगा, नीचे उत्तर जाओ

## पीएम मोदी की रैली में खंभे पर चढ़ी लड़की

तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (11 नवंबर) को सिकंद्राबाद पहुंचे. इस दौरान पीएम की जनसभा के दौरान एक लड़की लाइट-साउंड के लिए बनाए गए एक टावर पर चढ़ गई. पीएम मोदी ने जब लड़की को टावर पर चढ़ते देखा तो उसे नीचे उतरने की अपील की. पीएम मोदी ने लड़की से कहा, बेटी मैं आपकी बात सुनूंगा, नीचे उतर जाओ लड़की प्रधानमंत्री से बात करना चाहती थी. इससे पहले उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता गरीबों का कल्याण करना है.



बीआरएस सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले यहां बनी सरकार तेलंगाना के गौरव और सम्मान की रक्षा नहीं कर सकी. दुनिया तेलंगाना के लोगों की क्षमताओं की सराहना करती है. हालांकि, तेलंगाना सरकार ने लोगों को निराश किया है. उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷आंदोलन के समय लोगों से वादा किया गया था कि किसी दलित को तेलंगाना का पहला सीएम बनाया जाएगा. हालांकि, राज्य के गठन के बाद केसीआर सीएम बने और इस तरह उन्होंने दलितों की आकांक्षाओं को कुचल दिया. उन्होंने कहा कि बीआरएस दलित विरोधी है और कांग्रेस भी उसी की तरह है. बीआरएस ने नए संविधान की मांग करके बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया. कांग्रेस का भी यही इतिहास है. कांग्रेस ने बाबा साहेब को दो बार चुनाव नहीं जीतने दिया. कांग्रेस का इतिहास भी दलितों से, पिछड़ों से नफरत का रहा है. जब बीजेपी ने रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया, तो कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी और जब वे राष्ट्रपति बने तो भी कांग्रेस ने उनका तिरस्कार किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी ने एक महिला को भारत का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव रखा, तो कांग्रेस ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का भी विरोध किया. जब दलित सरकारी अफसर हीरालाल सामरिया को चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर बनाया गया, तो कांग्रेस ने उनका शपथ समारोह का भी विरोध किया. कांग्रेस नहीं चाहती थी एक दलित अफसर इतना बड़ा सरकारी पद पर जाए.

## डायल-112 की महिलाकर्मियों के प्रदर्शन को समर्थन देकर बुरी फंसी सपा नेता

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की नेता पूजा शुक्ला पर लखनऊ के गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज हुई है. मामला मुख्यमंत्री चौराहे पर विवादित पोस्टर लगाने का है. यूपी डायल 112 की महिला कर्मचारियों के प्रदर्शन को पूजा शुक्ला समर्थन दे रही थीं. लड़कियों के प्रदर्शन पर बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने पोस्टर लगाया था. सपा नेता को बीजेपी के खिलाफ विवादित पोस्टर लगाना महंगा पड़ गया. पुलिस ने पूजा शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया. मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्होंने सफाई दी. पूजा शुक्ला ने बताया कि पत्रकारों के माध्यम से मामला दर्ज होने की जानकारी मिली. उन्होंने 112 डायल की महिला कर्मचारियों की पिटाई का मुद्दा उठाया. पूजा शुक्ला ने कहा कि महिला कर्मचारियों का आंदोलन मुख्यालय से शुरू होकर




बाहर आया. मुख्यालय के बाहर प्रदर्शनकारी महिला कर्मचारियों के साथ मारपीट, बदतमीजी और अभद्रता की गई. उन्होंने कहा कि प्रदर्शकारी महिला कर्मचारियों की मांग वेतन बढ़ाने की थी. वेतन बढ़ाने के संबंध में विभाग और सरकार की तरफ से सुनवाई को अनसुना किया जा रहा था. उन्होंने विवादित पोस्टर पर सफाई देते हुए कहा कि मेरा उद्देश्य बेटियों की आवाज को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाना था. उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार में महिलाओं को बेरहमी से पीटा जा रहा है. पूजा शुक्ला ने कहा कि मेरा प्रयास था कि पोस्टर मुख्यमंत्री योगी तक पहुंचे. उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने उल्टे मुझ पर मुकदमा दर्ज कर लिया. उन्होंने कहा कि सरकार की दमनकारी नीति नहीं चलने दी जाएगी. मेरा संघर्ष बेटियों के अधिकार दिलाने का है. मेरी लड़ाई सरकार के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी. उन्होंने दावा किया कि प्रताड़ना के बावजदू ना मैं अपने और बेटियों के हौसलों को टूटने नहीं दूंगी.

## जयपुर में रोड शो के साथ मिशन राजस्थान शुरू करेंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा चुनाव दिलचस्प मोड़ में पहुंच गया है. कांग्रेस यहां सत्ता वापसी को लेकर ताकत झोंके हुए है तो बीजेपी सत्ता परिवर्तन करने का गुणा भाग कर रही है. ऐसे में इस चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दूरी को लेकर खूब सवाल उठ रहे हैं. चुनाव प्रचार अभियान में उनकी कोई खास दिलचस्पी देखने को नहीं मिली है. इन सवालों पर कांग्रेस पार्टी के कई आला नेता डिफेंसिव मोड में आ गए हैं. कांग्रेस का कहना है कि दिवाली का त्योहार पास में है और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार चल रहा है. इन राज्यों में प्रचार अभियान थमने के बाद उनके बड़े और प्रमुख नेताओं का अभियान राजस्थान में जोर पकड़ेगा. पार्टी सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल?लि?कार्जुन खरगे राजस्थान में करीब 20 सभाओं को संबोधित करेंगे. 16 नवंबर को राहुल गांधी राजधानी जयपुर में रोड शो करेंगे. फिलहाल राहुल गांधी के 4 दिन चुनाव प्रचार का कार्यक्रम बना है. प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे 2-2 दिन प्रचार करने राजस्थान आएंगे. इस हफ्ते मल्लिकार्जुन खरगे ने जोधपुर में सभा को संबोधित किया था और उससे कुछ समय पहले प्रियंका गांधी दौसा और झुंझुनूं में सभाएं कर चुकी हैं.

## मालदीव से भारत लौटे गिरफ्तार किए गए 8 मछुआरे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार मालदीव में फंसे 12 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी कराने के प्रयास कर रही है. भारतीय उच्चायोग के सक्रिय प्रयासों के बाद 8 मछुआरों को भारत लौटने की इच्छा जताए जाने पर वापसी की सुविधा प्रदान की गई है. बाकी 4 और मछुआरों को भी वहां से निकालने को राजनय कि स्तर पर कोशिशें की जा रही हैं. इन सभी मछुआरों को मालदीव की नौसेना ने पानी में घुसपैठ के आरोप में अक्टूबर में गिरफ्तार कर लिया था, जब यह दक्षिणी अरब सागर में मछली पकड़ते वक्त भटक गए थे. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, भारतीय उच्चायोग को इस तरह की जानकारी मिली थी कि मालदीव में फंसे मछुआरों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसे लेकर उच्चायोग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराने के लिए मालदीव के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क साधा. भारतीय ममिशन ने मछुआरों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाई है. इसको लेकर मालदीव में भारतीय उच्चायोग की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी साझा की गई है.



## श्रीनगर की डल झील में नावों में लगी आग, छह हाउसबोट जलकर खाक, तीन शव बरामद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में डल झील में शनिवार (11 नवंबर) को कई हाउस बोट में आग लग गई. आग इतनी भयंकर थी कि छह हाउसबोट जलकर खाक हो गई. एसडीआरएफ कर्मियों ने मौके से छह शव बरामद किए गए हैं. पुलिस का कहना है कि शव बांग्लादेश के पर्यटकों के हैं और उनकी पहचान की जा रही है. अधिकारियों ने बताया कि घाट नंबर 9 के पास एक हाउसबोट में आ लगी थी, जब तक आग पर काबू पाया जाता, आसपास के कई नौकाएं भी उसकी चपेट में आ गई. आग लगने के कारण करोड़ों की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है. अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है.



## पुलवामा में सुरक्षा बलों ने आतंकियों को घेरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में शनिवार (11 नवंबर) को आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई. पुलवामा के परिगाम इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच ये एनकाउंटर अभी भी जारी है. आतंकी गतिविधि का पता चलने के बाद सुरक्षाबलों ने परिगाम क्षेत्र में बढ़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिगाम इलाके में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान वहां मुठभेड़ शुरू हो गई. उस क्षेत्र में 1 से 2 आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है.

## सूरत से बिहार जा रही थी ट्रेन, अचानक मची भगदड़, हादसे में एक की मौत, दो घायल



**नई दिल्ली।** आगामी छठ त्योहार के लिए बिहार जाने वाली विशेष ट्रेन में चढ़ने के दौरान शनिवार (11 नवंबर) को गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई. इस वजह से 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम रेलवे) सरजो कुमारी ने बताया कि यात्री सुबह सूरत रेलवे स्टेशन से ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़ पड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग बेहोश हो गए. उन्होंने बताया, रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ थी, इस वजह से कुछ यात्रियों को घबराहट और चक्कर आने लगी. एक यात्री को हर्ट संबंधी समस्या हो गई, जिसके बाद प्लेटफॉर्म पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने उसे एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने से पहले सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया. अधिकारियों ने पीड़ित की पहचान अंकित वीरेंद्र सिंह के रूप में की है. सूरत की सांसद और राज्य रेल मंत्री दर्शना जरदोश घायलों से मिलने अस्पताल पहुंची. उन्होंने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, सूरत में पूरे भारत के लोग रहते हैं. त्यौहार के समय पर सभी लोग अपने गृहनगर जाते हैं, इसमें ज्यादातर रेल परिवहन का इस्तेमाल करते हैं. आज ज्यादा भीड़ के चलते कुछ यात्रिओं को घुटन की शिकायत हुई, रेल प्रशासन ने सतर्कता रखते हुए सभी को मेडिकल ट्रीटमेंट मुहया कराया है. एसएमआईएमईआर (सूरत म्यूनिसिपल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) अस्पताल के रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर जयेश पटेल ने कहा, ''एक आदमी भीड़ के कारण गिर गया और उसे मृत घोषित कर दिया गया. पोस्टमार्टम के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल पाएगा. दो अन्य यात्रियों को सांस लेने में समस्या हुई और उनका इलाज जारी है. हर साल सूरत में हीरा और कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में काम करने वाले कई मजदूर छठ पूजा के लिए अपने गृहनगर बिहार और उत्तर प्रदेश स्थित जाते हैं. गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, ÷बिहार जाने वाली ट्रेन में सवार होने के लिए प्लेटफॉर्म पर अचानक यात्रियों की संख्या बढ़ गई. पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की. मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही रेलवे स्टेशन जाएंगे. पश्चिम रेलवे ने एक बयान में कहा, त्योहार के सीजन के दौरान अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सूरत और उधना से विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है. सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों को तैनात करने जैसे विशेष कदम उठाए हैं. इसमें कहा गया है कि पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए 46 विशेष ट्रेन चला रहा है, जिनमें से 27 ट्रेन सूरत या उधना रेलवे स्टेशन से चलती हैं या इन स्टेशन से होकर गुजरती हैं.

बोले शशांक भाजपा सरकार ने जनता को ठगा, हर वर्ग परेशान

# किसान हितैषी है कांग्रेस का वचनपत्र, युवाओं को मिलेगा रोजगार



सीहोर। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना का अभूतपूर्व स्वागत, अभिनंदन हो रहा है। ग्रामीणजन अपनत्व के भाव के साथ शशांक को गले लगा रहे हैं। तिलक, साफा और शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें विजय श्री का आर्शीवाद दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शशांक इसी मिट्टी से जुडे हैं, सरल और सहज स्वभाव के साथ ही ग्रामीणों के बीच मौजूद रहते हैं। उनसे लोगों को काफी उम्मीदें हैं। शनिवार को श्री सक्सेना ने विधानसभा क्षेत्र के अनेकों गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान कई गांवों में युवाओं ने फलों से उनका तुलादान किया। ग्रामीणों का कहना है कि वह अपने बीच के व्यक्ति को ही चुनकर विधानसभा भेंजेंगे।श्री सक्सेना ने शनिवार को विधानसभा के ग्राम लीलगड, अजमत नगर, कललत, शकंरपुरा, सिकंदर पुरा, हथियाखेडा, मंडखेडा, पीपलखेडा, रसूलपुरा, हिनोती, खाइखेडा, छतरी, छतरी बैरागड, खस्ताखेडी, रामजाखेडी में जनसंपर्क किया। श्री सक्सेना ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि झूठी बातें करते हैं क्षेत्र में विकास हुआ ऐसा प्रचारित करते हैं। कहा कि वह गांव की गलियों में घूम रहे हैं बीते दस वर्षों में क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ। जनता में भाजपा को लेकर आक्रोश है यह मतदान के समय दिखाई देगा। अब लोग बदलाव का मन बना चुके हैं। किसानों को बर्बाद फसलों के लिए मुआवजा नहीं मिला, बाढ प्रभावित ग्रामीणों को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली, पार्वती बंधान में किसानों की जमीनें सरकार ने अभिग्रहित की लेकिन उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला। कई किसान तो ऐसे हैं जिन्हें बिल्कुल भी मुआवजा नहीं मिला। वह दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। इस मंहगाई के दौर में खेती करना किसान के लिए परेशानी भरा है। उसे लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र के किसान कर्ज के जाल में फंस रहे हैं। सरकार की गलत नीतियों के चलते किसानों को नुकसान हो रहा है। श्री सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के साथ खडी है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कमलनाथ घोषणापत्र में अनेकों योजनाएं लाए हैं। किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए 5 हार्स पावर बिजली दी जाएगी, 10 हार्स पावर पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। नंदनी गोबन योजना में 2 रूपए प्रतिकिलो के हिसाब से ग्रामीणजनों से गोबर खरीदा जाएगा। सहकारी क्षेत्र को बढावा दिजया जाएगा, दूध पर पांच रूपए प्रतिलीटर बोनस दिया जाएगा।

**निजी स्वार्थ में डूबे भाजपा के जनप्रतिनिधि**-श्री सक्सेना ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि आपको धर्म, जाति के नाम पर बरगलाने का प्रयास करेंगे। लेकिन इन लोगों की चाल में नहीं आना। यह लोग गाय की बात करते हैं लेकिन आज गौमाता बदहाल है। धर्म की बात करते हैं और युवाओं को नशे की लत डालते हैं। भाजपा सरकार में किसान, आदिवासी, गरीब, महिला, दलित,पिछडों पर अत्याचार हुए हैं। मंहगाई से हर वर्ग त्रस्त है लेकिन भाजपा के लोग चुप रहते हैं। यह लोग अपने स्वार्थ साधने और व्यापार बढाने के उदेश्य से राजनीति में आएं है चुनाव बाद दिखाई नहीं देंगे। ग्रामीणजनों की समस्याओं पर चुप रहते हैं उद्योगपतियों की मदद करते हैं। श्री सक्सेना ने कांग्रेस के पक्ष में ग्रामीणों से मतदान करने का आग्रह किया।

## सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक रमेश चौधरी जी को आईसीएआई की ओर से पुरस्कार प्रदान किया

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**पुणे ।** समाजकार्य योग और उद्योग क्षेत्र में चिंचवड़ स्थित सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक रमेश (सीरवी)चौधरी को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए बेस्ट बिजनेस लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार निगडी में ÷द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया÷(आईसीएआई) पिंपरी चिंचवड़ शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ÷ज्ञान तृष्णा÷ में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रेरक वक्ता बलविंदर सिंह चंडियोक द्वारा प्रदान किया गया। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया पिंपरी-चिंचवड़ शाखा के



अध्यक्ष सीए सचिन बंसल, उपाध्यक्ष सीए पंकज पाटनी, सचिव सीए सारिका चोरडिया, कोषाध्यक्ष शैलेश बोरे, सीए छात्र संघ के अध्यक्ष सीए वैभव मोदी, पूर्व अध्यक्ष विजयकुमार बामने, कार्यकारी सदस्य सचिन धेरंगे आदि .उपस्थित थे। रमेश चौधरी ने एक सहायक से उद्यमी बनने तक की कठिन यात्रा की है। आज वे पुणे जिले में सूर्या इलेक्ट्रॉनिक के नाम से 11 शाखाओं के साथ जनता की सेवा कर रहे हैं। सामाजिक कार्यो में भाग लेता है। इसके साथ ही वह बेहतर सामाजिक स्वास्थ्य के लिए योगासनों पर भी व्याख्यान देते हैं। वफादार ग्राहक सेवा ऑनलाइन से सस्ते उपकरण और पारदर्शी लेनदेन हमारी पहचान हैं। उन्होंने कहा कि सूर्या लोगों के प्यार से बना ब्रांड है।रमेश सीरवी को अखिल भारतीय सीरवी समाज की तरफ से बहुत बहुत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

## आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जैतवारा पुलिस और असम बटालियन की संयुक्त पैदल फ्लैग मार्च





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**जैतवारा** -आगामी विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान कराने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिले के जैतवारा थाना पहुंची असम बटालियन की टीम ।असम बटालियन और जैतवारा थाना पुलिस गलबल मरवा टेलनी खुटहा गोर सरी चदई जैतवारा कस्बा किटहा नदना में बूथ चेकिंग



फरारी काट रहे आरोपियों की धर पकड़ के साथ-साथ ग्रामीण गांव में समझाइए दी गई कि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करने की समझाइए दी गई एवं गांव में पैदल मार्च किया गया एवं बाजार में पैदल फ्लैग मार्च किया गया,लगातार थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर हर गतिविधि पर रख रहे पैनी नजर।डीएसपी असम बटालियन एसके रॉय जैतवारा थाना से उपनिरीक्षक विजय सिंह सहित जैतवारा पुलिस बल एवं असम बटालियन का पुलिस बल मौजूद रहा

## 17 नवंबर के मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें- जिला निर्वाचन अधिकारी

### जिले के मतदाताओं से अपील

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये निर्धारित दिनांक 17 नवंबर को जिले के मतदाताओं से मतदान में बढ़-चढ़ हिस्सेदारी निभाने की अपील की है। उन्होने जिले के सभी लोंगो को दीपावली पर्व की शुभकामनायें देते हुये कहा कि जिस प्रकार हम सभी त्यौहारों को उत्साह के साथ मनाते हैं। ठीक उसी प्रकार लोकतंत्र



के त्यौहार में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये जिले के सभी मतदाता 17 नवंबर को अपने घर से निकलकर प्राथमिकता से मतदान करें। उन्होने कहा कि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं। मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करें। सभी मतदाता निर्भय होकर तथा दबाव मुक्त होकर निष्पक्षता से मतदान करें। इसके साथ ही दीपावली पर्व सावधानी के साथ मनायें।

## प्रेक्षक मानवेंद्र सिंह ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना /भारत निवार्चन आयोग द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 चित्रकूट के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मानवेंद्र सिंह ने शनिवार को विधानसभा अंतर्गत रईया, बल्हा, नयागांव, बांधी, मचख?ा, बडखेरा, रेऊहान, सहित सभापुर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग



से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरुप कार्यवाहियां संपादित करें। प्रेक्षक श्री सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में विधानसभा चुनाव की कार्यवाहियां शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों से भी चर्चा की। साथ ही मतदाताओं से चर्चा कर क्षेत्र की वस्तुस्थिति से भी अवगत हुये। इस अवसर पर लायजनिंग अभिषेक बिहारी गौड़ सहित पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पथ विक्रेताओं को मतदान करने के लिये किया गया जागरुक

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले के विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के तहत कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को सतना शहर अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने दीपावली त्यौहार की सामग्री विक्रय करने वाले पथ विक्रेताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया। इसके साथ ही अलग-अलग महाविद्यालयों के एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर जनसंपर्क करते हुये विभिन्न माध्यमों से जिले के मतदाताओं से मतदान करनें की अपील की गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले के मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत करने एवं वोटिंग प्रतिशत ब?ाने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसमें शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर, कैंपस एबेंसडर, पार्टनर विभाग, गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ विद्यालयीन और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा सहयोग किया जा रहा है।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव संबंधी तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

दैनिक पुष्पांजली टुडे

### मतदान कर्मियों को नहीं हो किसी प्रकार की कोई असुविधा : कलेक्टर

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में सभी नोडल अधिकारी, समस्त एसडीएम, समस्त सीएमओ, सीईओ जनपद, सहायक नोडल अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनोज सरियाम, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने आवंटित कार्य, किए गए कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग ठीक हो गए हैं या नहीं, सभी मतदान केन्द्रों पर रैंप तैयार करा दिए गए हैं इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर केंद्र क्रमांक अंकित रहे, प्रकाश की उचित व्यवस्था रहे, मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था रहे, छाया की व्यवस्था के लिए टेंट लगाए जाएं, मतदान केंद्र पर व्हील चेयर उपलब्ध रहे, मतदान केंद्र की साफ-सफाई ठीक से करा दी जाए, मतदान केंद्र में या रास्ते में कोई निर्माण सामग्री नहीं पड़ी हो, पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, मतदान दल के मतदान केंद्र पहुंचने तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण होनी चाहिए। मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।उन्होंने पैड न्यूज के संबंध में जानकारी ली और जो भी पैड न्यूज चलाई जा रही हैं उन सभी संबंधित अभ्यर्थियों और जिसके द्वारा पैड न्यूज चलाई गई है, संबंधित को नोटिस जारी करने निर्देश दिए।

# नल लगा दिए हैं, लेकिन पानी का पता नहीं, ये कैसा विकास :विक्रम मस्ताल शर्मा

कांग्रेस प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा, हुआ जगह-जगह स्वागत



**बुधनी।** भाजपा की सरकार दावा कर रही है कि उन्होंने घर-घर तक पानी पहुंचा दिया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में नल लगे हुए हैं। इनमें न तो टोटी का पता है और न ही पानी का पता है। लोगों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है यह कैसा विकास है। कांग्रेस ने वचन दिया है कि सरकार बनने के बाद घर घर पानी पहुंचाया जाएगा। ये बातें बुधनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कही है। वे शनिवार को बुधनी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गांवों में सभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही है। विक्रम मस्ताल शर्मा ने शनिवार को ग्राम जामुनिया, नांदियाखेड़ा, चकल्दी, हारमाउ, कोठरा, तजपुरा, गुहान, निपानिया, चिचलाय छोटी, चिचलाय बड़ी, गोंडी गुराड़िया, अनूप नगर, कोसमी, गेहूंखेड़ा, मालीबायां सहित कई अन्य गांवों का दौरा किया। इससे पहले सुबह उन्होंने घर पर पूजा-पाठ किया और इसके बाद वे जनसंपर्क के लिए निकले।उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक नागरिक का 25 लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा कराया जाएगा। इसके बाद किसी को भी नेताओं के चक्कर पैसे लेने के लिए नहीं लगाना पड़ेंगे। सभी अपना इलाज कराने के लिए सक्षम हो जाएंगे। अभी तो बीमार होने पर स्टीमेट बनवाना पड़ता है, विधायक, जिलाध्यक्ष से लिखवाना पड़ता है फिर भी पूरा पैसा पास नहीं होता है। इलाज के लिए पास का पैसा लगाना पड़ता है, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर ऐसा नहीं होगा।

**17 साल में जो विकास नहीं किया वह 15 माह में करके दिखाया**-विक्रम मस्ताल शर्मा ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिस विधानसभा से प्रदेश का मुखिया चुनकर आता हो उस विधानसभा में भी पिछले 17 सालों से विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। सिर्फ सड़कों का जाल बिछाकर उसमें जमकर कमीशनखोरी की गई है। गांवों में आज भी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक नहीं पहुंच रही है। ग्रामीणों को, युवाओं को, महिलाओं को, गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं के नाम पर अधिकारियों ने लूट-खसोट मचाकर रखी हुई है। जो विकास 17 सालों में नहीं किया गया है वह विकास के कार्य कांग्रेस की सरकार ने मात्र 15 माह में करके दिखाए हैं। छिंदवाड़ा को विकास का मॉडल बनाया गया है, लेकिन बुधनी तो विनाश का मॉडल बन गया है।



**मिल रहा जनता का आशीर्वाद**-अभिनेता से नेता बने विक्रम मस्ताल शर्मा जहां भी जनसंपर्क के लिए पहुंच रहे हैं उन्हें जनता का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। जगह-जगह उनका फूलमाला, ढोल-बाजों के साथ में भव्य स्वागत सत्कार किया जा रहा है। इससे वे भी अभिभूत हो रहे हैं एवं जनता का आभार भी प्रकट कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान जहां युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है तो वहीं गांव की महिलाएं भी विक्रम मस्ताल शर्मा के साथ में फोटो खिंचवा कर उन्हें समर्थन दे रही हैं। इस दौरान वे बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करके उनसे भी समर्थन जुटा रहे हैं।

# सहजयोग द्वारा श्री अष्टलक्ष्मी के आशीर्वाद को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है

जैसे-जैसे मानव सभ्यता का विकास हुआ, मानव बुद्धि का विकास हुआ, बुद्धि के विकास से मनुष्य ने अनेक संसाधनों का निर्माण किया जो प्रारंभ में कार्य की सुगमता के लिए थे परंतु कालांतर में प्रतिष्ठा का पर्याय बन गए। साधनों व वस्तुओं की बहुतायत ने मनुष्य में उन्हें पाने की लालसा को जन्म दिया और यही लालसा वर्तमान में व्याप्त असंतुष्टि का कारण है। शास्त्रों में इस संसार को भवसागर कहा गया है इसको पार करने का अर्थ होता है परमात्मा से एकाकार होना। वास्तव में यह भवसागर बाहर नहीं बल्कि हमारे भीतर ही स्थित होता है। सूक्ष्म शरीर में नाभि चक्र के चहुं ओर भवसागर विद्यमान होता है। नाभि चक्र श्री लक्ष्मी नारायण का स्थान है। इस चक्र से श्री अष्टलक्ष्मी अपने प्रभाव का प्रसारण करती हैं अष्टलक्ष्मी अर्थात् समृद्धि, प्रतिष्ठा, सफलता, कल्याण, धन, पारिवारिक प्रसन्नता, सामूहिकता, आध्यात्मिक उन्नति व शुद्ध विद्या आदि के आशीर्वाद का प्राप्त होना। परंतु इन आशीर्वादों की प्राप्ति के लिए हमें



नाभि चक्र के संतुलन की आवश्यकता होती है। इसके लिए सर्वप्रथम हमारे भीतर संतुष्टि, धैर्य, शांति, देने का भाव विकसित होना आवश्यक है क्योंकि यही श्री लक्ष्मी जी के मूलभूत गुण हैं। धन भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक है परन्तु धन की लिप्सा व कृपणता हमारे नाभि चक्र को, जो कि यकृत (लिवर) व पेट के अन्य हिस्सों से संबंधित है असंतुलित कर देती है। यह असंतुलन अनेक रोगों को जन्म देता है साथ ही साथ धन प्राप्त होने के पश्चात भी सौभाग्य की प्राप्ति नहीं हो पाती। स्थूल रूप में भी पेट का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसका सीधा संबंध भोजन से होता है जो हमें ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करता है। भोजन सादा, पौष्टिक ऋतुचर्या के अनुसार होना चाहिए। भोजन के विषय में इच्छा या अनिच्छा से अधिक प्रेम की अनुभूति होनी चाहिए। बहुत अधिक चिंतित अवस्था में, जल्दबाजी में भोजन नहीं किया जाना चाहिए इससे पाचन क्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। शांतिपूर्ण व आनंदपूर्वक तरीके से भोजन ग्रहण करना एक कला है जो अनेक समस्यायों का स्वयं ही निराकरण होती है। इसके अतिरिक्त भोजन के स्रोत अर्थात् भोजन को तैयार करने वाला व्यक्ति व उसके भाव भी महत्वपूर्ण होते हैं। हमारे यहां तो कहावत भी है कि, जैसा खाए अन्न वैसा बने मन । स्वस्थ व संतुलित नाभि चक्र ही हमें भवसागर के पार पहुंचा सकता है। सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित प्रमाणिक, वैज्ञानिक व सनातन सिद्धांतों पर आधारित ध्यान पद्धति है जो पूर्णतया प्रकृति के नियमों के अनुसार कार्य करती है। सहजयोग में कुंडलिनी जागरण के पश्चात् सूक्ष्म शरीर के संतुलन व आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है जो हमें जीवन के प्रत्येक आयाम, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक का आनंद प्रदान करता है। सहजयोग से संबंधित अधिक जानकारी निम्न माध्यमों से प्राप्त की जा सकती है-



# बिचोली में जनसंपर्क कर आमजन से वोट की अपील की

गत रोज दिनांक 9 नवंबर को बसपा प्रत्याशी श्री राकेश रुस्तमसिंह जी ने ग्राम जगतपुर एवं बिचोली में जनसंपर्क कर आमजन से वोट की अपील की




इसके बाद दोपहर में बसपा प्रत्याशी एवं बसपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री श्री रुस्तमसिंह जी ने मुरैना कोर्ट में जाकर समस्त वकील और कर्मचारियों से संपर्क कर बसपा को वोट देने की अपील की तदोपरांत श्री रुस्तम सिंह जी ने वार्ड क्रमांक 24 , 27 और इसके बाद वार्ड क्रमांक 26 उत्तमपुरा में विशाल नुक्कड़ सभा को संबोधित किया ! बसपा प्रत्याशी श्री राकेश रुस्तमसिंह जी की पत्नी श्रीमती रेखा सिंह जी ने बानमोर के वार्ड क्रमांक 10 और 11 में बसपा प्रत्याशी श्री राकेश रुस्तमसिंह जी के लिए वोट मांगे।

# वैज्ञानिक मुद्दों पर बहस में व्यापक जनता को शामिल करने की आवश्यकता

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि प्रत्येक वर्ष10 नवंबर को मनाया जाने वाला शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस समाज में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका और उभरते वैज्ञानिक मुद्दों पर बहस में व्यापक जनता को शामिल करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और प्रासंगिकता को भी रेखांकित करता है। विज्ञान को समाज के साथ अधिक निकटता से जोड़कर, शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को विज्ञान के क्षेत्र में विकास के बारे में सूचित रखा जाए। थिंक मानवाधिकार संगठन एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि यह दिवस शांति और विकास के लिए विज्ञान के विषय पर सरकारी अधिकारियों से लेकर मीडिया से लेकर स्कूली विद्यार्थियों तक सभी कलाकारों को एकजुट करने का अवसर प्रदान करता है। विज्ञान पर भरोसा एक जटिल मुद्दा है। यह वैज्ञानिकों के काम करने के तरीके और समाज द्वारा विज्ञान को समझने के तरीके को प्रभावित करता है। साथ ही, विज्ञान में विश्वास बढ़ाने से विज्ञान-आधारित नीतिगत निर्णय और उनके अनुप्रयोग के लिए समाज का समर्थन मजबूत होता है। शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जी, शालू सिंह एडवोकेट,



विमला चौधरी, मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, डॉ आरके शर्मा, डॉ राजेंद्र कुमार जैन, निदेशक डॉ नरेंद्र चौधरी , इं नितिन जी, इं आकाश कुमार जी आदि ने कहा कि स्थापना के बाद से, विश्व विज्ञान दिवस ने समाज और विज्ञान के बीच की खाई को पाटने के उद्देश्य से कई पहलों को प्रेरित किया है। इन पहलों में जनता को वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति पर नियमित अपडेट प्रदान करना शामिल है। वैज्ञानिकों ने भी इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्होंने हमारे ग्रह के सामने आने वाली पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में ज्ञान साझा किया है और अधिक पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली के लिए समाधान सुझाए हैं।

**दिमनी विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी रविन्द्र सिंह तोमर ने ग्राम मुड़ियाखेड़ा, बड़ोखर,छोटी लालोर बड़ी लालोर, इमलिया में लोगो से जनसंपर्क कर बोट डालने की अपील की लोगो को विश्वास दिलाया कि पिछली बार इस बार भी हाथ के पंजे को मजबूत बनाएं। दिमनी विधान सभा कांग्रेस प्रत्यासी रविन्द्र सिंह तोमर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क जारी।**





# बसपा सुप्रीमो मायावती ने सक्तती जिले के हसौद में , चुनावी विशाल जनसभा को संबोधित किया

**बसपा सुप्रीमो ने आरक्षण के मामले में कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा, बसपा सुप्रीमो मायावती की आमसभा हसौद में भारी भीड़ चार घंटे तक रोड रहें जाम**







सक्तती। जिले क्षेत्र के हसौद में बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जी ने जैजैपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम हसौद में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया इस दौरान सुप्रीमो मायावती ने बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में लोगो से समर्थन मांगी। बसपा सुप्रीमो मायावती को सुनने हसौद में बसपा कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बसपा नेताओं व आम जनता सहित एक लाख से भी ज्यादा के भीड़ देखने को मिला साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में सहयोगी पार्टी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ मिलकर आदिवासी और गैर आदिवासी सीटों पर पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ने की बात कही उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए बहुत समय बीत गया है देश और प्रदेश में विभिन्न पार्टियों की सरकारे रही लेकिन इस दौरान सर्व समाज दलितों आदिवासियों पिछड़ा वर्ग मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ गरीब किसान मजदूरों व्यापारियों और अन्य मेहनतकश लोगों का विकास और उत्थान नहीं हो सका है सरकार की नीतियों को और आजमाने की जरूरत है मायावती जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जातीय जनगणना की बात करने वालों ने मंडल कमीशन को लागू नहीं किया वीपी सिंह ने अपनी सरकार में बसपा को मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण पद देने की बात कही थी लेकिन हमने मंत्रालय की बजाय मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करने और भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की उन्होंने हमारे दोनों मांगों को मान लिया अति पिछड़े वर्ग के लोगों के मंडल कमीशन के तहत आरक्षण की सुविधा कांग्रेस की वजह से नहीं बल्कि बसपा के अथक प्रयास से हुआ था इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरक्षण के मामले में कांग्रेस के साथ साथ भाजपा पर भी निशाना साधा मायावती जी ने सभा के दौरान लोगों से बसपा प्रत्याशीयो के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

## राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सौमेंद्र पाधी और नवोदित अभिनेत्री अलीजेह की फिल्म रें को गोवा में 54वें आईएफएफआई में प्रीमियर के लिए चुना गया - सलमान खान ने जताई खुशी

इस महीने, 54वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) गोवा की में अपने सिनेमाई उत्सव को प्रदर्शित




करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सावधानीपूर्वक चुने गए चयन में, भारतीय पैनोरमा ने 25 फीचर फिल्मों और 20 गैर-फीचर फिल्मों को शामिल करने की घोषणा की जो 20 नवंबर से 28 नवंबर तक महोत्सव में प्रदर्शित किया जायेगा, इस लिस्ट में एक और नाम जो शामिल है वो है फर्रे जो अपनी अमेजिंग स्टोरीलाइन से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है। सौमेंद्र पाधी द्वारा निर्देशित और अभिषेक यादव और पाधी द्वारा लिखित, रें अकेडमिक छल की जटिल दुनिया पर प्रकाश डालती है, जहाँ स्कॉलरशिप प्राप्त कर चुकी अनाथ प्रतिभाशाली नियति, अपने समृद्ध द्वारा आयोजित एक उच्च-स्तरीय धोखाधड़ी रैकेट में अनजाने में फंस जाती है। प्रतिभाशाली अलीजेह अभिनीत, रें आईएफएफआई में एक अमिट छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। 54वें आईएफएफआई में रें का प्रदर्शित होना बहुत सम्मान की बात है, क्योंकि इसे कंतारा, शेरशाह, सिर्फ एक बंदा - हाल के समय की बेहतरीन फिल्मों और अन्य अंतरराष्ट्रीय जेम्स के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। यह महोत्सव दुनिया भर की सम्मोहक कहानियों के साथ-साथ हमारी फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सौमेंद्र पाधी कहते हैं, ÷रें÷ महत्वाकांक्षा और नैतिकता के बीच की जटिलताओं का प्रतिबिंब है। हमने एक ऐसी कहानी बुनी है जो धारणाओं को चुनौती देती है और सफलता की तलाश में किए गए विकल्पों के परिणामों को उजागर करती है। ÷रें÷ का भी एक विशेष स्थान है क्योंकि यह अलीज़ेह के फिल्मी करियर की शुरुआत का प्रतीक है, जो आईएफएफआई के अनुभव के साथ और भी यादगार हो गया है। मुझे उम्मीद है कि यह दर्शकों को पसंद आएगाऔर दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ेगा। सुपरस्टार सलमान खान कहते हैं,आईएफएफआई एक बहुत ही प्रतिष्ठित इवेंट है और मुझे खुशी है कि इसमें ÷रें÷ की स्क्रीनिंग की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में मेरे पास आईएफएफआई की कुछ सुखद यादें हैं और ÷रें÷ के प्रतिष्ठित पैनल में शामिल होने से यह एक फूल सर्कल जैसा महसूस हो रहा है। मैं ÷रें÷ की पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी। फर्रे का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सौमेंद्र पाढ़ी ने किया हैं और इसमें अलीज़ेह, ज़ेन शॉ, साहिल मेहता, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित बी रॉय और जूही बब्बर सोनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ये हाई-स्कूल थ्रिलर ड्रामा अनवीन येरनेनी, वाई रविशंकर, सुनीर खेतरपाल, अतुल अग्निहोत्री, अलवीरा खान अग्निहोत्री, निखिल नमित।द्वारा निर्मित हैं। फर्रे 24 नवंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बंगाली सुपरस्टार जीत की आने वाली फिल्म मानुष चाइल्ड ऑफ डेस्टिनी एक्शन, रोमांच और भावनाओं से भरी एक दमदार कहानी है

बहुत सारी एक्शन पैक्ड फिल्म्स ऑडियंस के लिए आ रही है, लेकिन बंगाली सुपरस्टार जीत एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो एक अलग लेवल पर है। हम बात कर रहें है उनकी आने वाली फिल्म मानुष~ चाइल्ड ऑफ डेस्टिनी% की, जो एक दमदार कहानी है और बड़े पर्दे पर देखने लायक है। और ये बात फिल्म के हालिया रिलीज्ड ट्रेलर से भी एकदम साफ है। ट्रेलर में हम अर्जुन को देखते हैं जो एक अधिकारी है और हर गलत काम करने वालों से लड़ रहा है, लेकिन इसके साथ ही वह एक परफेक्ट फैमिली मैन भी है। फिल्म में सिर्फ एक्शन ही नहीं बल्कि इमोशन भी भरपूर है। इसमें एक पूरा एक्शन एंटरटेनर कहलाने के सभी तत्व मौजूद हैं। ये जीत की दूसरी हिंदी फिल्म है और यह निश्चित तौर पर प्रभाव छोड़ेगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए जीत कहते हैं, ÷मैं हमेशा से दर्शकों के लिए मनोरंजन को उसके वास्तविक रूप में लाने की इच्छा रखता हूं। मानुष के साथ भी उसी इरादे से आया हूं, यह एक इमोशनल, एक्शन से भरपूर कहानी है जो लोगों को पसंद आएगी। निर्देशक संजय कहते हैं, ÷मानुष एक रोमांचक अनुभव था। एक्शन से भरपूर सीक्वेंसेज से लेकर इमोशनल सीन्स तक, जीत ने बहुत सारी रेंज दिखाई है। वह फिल्म में आकर्षक लगे हैं और कई दिल जीतेंगे। फिल्म में जीत की प्रेमिका का किरदार निभाने वाली सुस्मिता कहती हैं, ÷मानुष को जिस पैमाने पर फिल्माया गया है, वह इसे बहुत प्रभावशाली बनाता है। और यह हिंदी में भी रिलीज हो रही है, मैं घबराई हुई हूं लेकिन उत्साहित भी हूं। फिल्म में जीत सर के साथ काम करना खूबसूरत है, हमारे बीच ऑन-स्क्रीन अच्छी दोस्ती है। वहीं ग्रे शेड वाला किरदार निभा रहें जीतू कमल ने कहा, ÷यह पहली बार है जब मैं इस तरह का किरदार निभा रहा हूं, और मैं इसे लेकर बहुत नर्वस हुआ था। लेकिन जीत और संजय दोनों ने मुझ पर विश्वास दिखाया और मुझे खुशी है कि उन्होंने मुझे कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी मुझे इसी अंदाज में स्वीकार करेंगे। मानुष हिंदी और बंगाली दोनों में रिलीज होगी। फिल्म का लेखन और निर्देशन संजय सोमादेर ने किया हैं। जीत्ज़ फिल्मवर्क्स के बैनर तले जीत गोपाल मदनानी और अमित जुमरानी द्वारा निर्मित, मानुष~ चाइल्ड ऑफ डेस्टिनी 24 नवंबर को रिलीज होगी।

## संपादकीय

# जिंदगी के भावी जोखिम

इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस यानी आईईपी की हालिया रिपोर्ट गंभीर चिंता का विषय है। रिपोर्ट में व्यापक अध्ययन के बाद कहा गया है कि पांचवें दशक तक दुनिया के 2.8 अरब लोगों को पारिस्थितिकी खतरे वाले क्षेत्रों में रहना पड़ेगा। यद्यपि मौजूदा समय में भी 1. 8 अरब लोग गंभीर पारिस्थितिकी खतरों से जूझ रहे हैं। दरअसल, आईईपी ने 221 देशों और 3594 उप–राष्ट्रीय क्षेत्रों में विभाजित स्वतंत्र क्षेत्रों को अपने अध्ययन में शामिल किया है, जहां दुनिया की 99.99 प्रतिशत आबादी निवास करती है। इसमें से करीब 66 देशों को कम से कम एक गंभीर पारिस्थितिकी खतरे का फिलहाल सामना करना पड़ रहा है। इसमें तीन देश हॉटस्पॉट बनने से उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। दरअसल, जल, वायु, ध्वनि व मिट्टी प्रदूषण के अलावा खाद्य आपूर्ति शृंखला का बाधित होना, जनसंख्या वृद्धि तथा प्रतिकूल कुदरती परिस्थितियों के कारण होने वाला विस्थापन आदि पारिस्थितिकी संकट के मूल में हैं। पर्यावरण की दिन–प्रतिदिन खराब होती स्थिति ने इस संकट को बढ़ाया ही है। इसी के चलते आशंका व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2050 तक 2.8 अरब से अधिक लोग संकटग्रस्त इलाकों में रहने को बाध्य होंगे। मौजूदा हालात इतने खराब होते जा रहे हैं कि गंभीर संकट से जूझते देशों की संख्या बीते साल तीन से बढ़कर तीस हो गई है। इतना ही नहीं, गंभीर परिस्थितियों के चलते तीन देश पारिस्थितिकी संकट के चलते हॉटस्पॉट बनकर उभरे हैं और उनका अस्तित्व ही संकट में पड़ता नजर आ रहा है। इन तीन देशों में हमारा पड़ोसी म्यांमार व नाइजर तथा इथियोपिया सम्मिलित हैं। इन देशों में आंतरिक अशांति व अकुशल शासनतंत्र के चलते पर्यावरणीय चिंताएं हाशिये पर चली जाती हैं, जिसके चलते मानवीय त्रासदी लगातार भयावह होती जा रही है। मौसम की तल्खी के चलते जहां फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है, वहीं बाढ़ व भूस्खलन जैसी आपदाओं ने संकट को और गहरा किया है। गरीबी व आंतरिक अशांति ने इस संकट को अधिक बढ़ाया है। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग से उपजे गहरे संकट ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कमोबेश, भारत भी ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से अछूता नहीं है। पिछले दिनों में अतिवृष्टि, बाढ़ व सूखे के मंजर भारत में नजर आए हैं। यही वजह है कि असामान्य बारिश व सूखे की मार के चलते देश के कई राज्य खाद्य असुरक्षा की श्रेणी में आ गये हैं। वैसे तो यह पूरे दक्षिण एशिया का संकट है, जो तीसरा बड़ी आबादी वाला क्षेत्र भी है। अनुमान है कि यहां 17.5 करोड़ आबादी भारी खाद्य असुरक्षा वाले क्षेत्रों में रहती है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि सरकारों व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने यदि समय रहते इस दिशा में प्रयास नहीं किये तो वर्ष 2050 तक इन क्षेत्रों की खाद्य असुरक्षा वाली आबादी की संख्या इक्कीस करोड़ से अधिक हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि देश में खाद्य असुरक्षा वाले इलाकों में पूर्वी और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश का कुछ भाग, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ इलाके शामिल हैं। साथ ही पश्चिमी भारत के कुछ इलाकों में संकट बना रह सकता है। पर्यावरण मामलों के जानकार बता रहे हैं कि इस संकट के मूल में अनियंत्रित शहरीकरण भी है। दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तमाम इलाके जिस तरह प्रदूषण की चपेट में हैं, उससे इस संकट का अहसास किया जा सकता है। विडंबना देखिये कि हमारी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित बीस शहरों में नौ भारत के हैं। दरअसल, ये वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, पेयजल संकट व अंधाधुंध शहरीकरण की ही देन है। इससे हमारे पारिस्थितिकीय संतुलन पर भारी प्रतिकूल असर पड़ा है। इसी तरह पानी से जुड़ा संकट भी लगातार गहरा होता जा रहा है। जीवनदायिनी नदियां जहरीली होती जा रही हैं। कमोबेश यह संकट पूरी दुनिया का है। अभी भी विश्व में दो अरब लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल आपूर्ति अभी स्वप्न जैसा है। खासकर पेयजल के मामले में मध्यपूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका में यह संकट बड़ा है।

# दिल्ली-एनसीआर कैसे हो प्रदूषण मुक्त

**एजेंसी**

*उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है।*

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत एनसीआर कहे जाने वाले क्षेत्र के नागरिक भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं। हर साल सर्दियों के प्रारम्भ में आने वाले इस संकट से लोगों को मुक्ति कैसे मिले, इसके उपाय न तो पर्यावरण वैज्ञानिकों के पास हैं और न ही सरकारों के पास कि वे आखिर क्या करें। सम्बन्धित राज्य सरकारों की दिक्कत इसलिये बढ़ गई है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर बहुत सख्त हो गया है। मंगलवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान उसने दिल्ली के समीपवर्ती राज्य सरकारों से कह दिया है कि इससे उसे कोई मतलब नहीं है कि वे पराली जलाने से रोकने के लिये क्या करती हैं और क्या नहीं– कोर्ट चाहती है कि यह तत्काल रुके। उसने साफ कह दिया है कि वह लाखों नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेकर मरते हुए नहीं देख सकती। इसलिये इस समस्या के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार माने जाने वाले पंजाब की सरकार की इस दलील से भी संतुष्ट नहीं है कि पिछले वर्ष के मुकाबले पराली जलाने की घटना में 40 प्रतिशत की कमी आई है। अब देखना यह है कि इस पर कुछ राजनैतिक खींच–तान, वाद–विवाद और कानूनी जिरह के बाद यह मामला अगले साल तक के लिये फिर ठंडे बस्ते में जाता है या केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर कोई स्थायी समाधान निकालती हैं ताकि इस क्षेत्र के नागरिक हर वर्ष तकरीबन महीने भर के लिये गैस चेंबर बन जाने वाले दिल्ली–एनसीआर में ही रहने के लिये अभिशप्त न रहें। उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है। इसके कारण इस पूरे क्षेत्र में फैलने वाली हवा इतनी जहरीली हो जाती है कि लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। कतिपय भौगोलिक व वैज्ञानिक कारणों से इसका घनत्व दिल्ली व एनसीआर में होता है। घनी बसाहट व वाहनों के निकलते धुएं का साथ पाकर दिल्ली सर्वाधिक प्रभावित होती है। किसी वार्षिक अनुष्ठान की तरह इस भयानक प्रदूषण पर कानूनी व सियासी विवाद शुरू हो गया है। पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर एक याचिका की सुनवाई के सिलसिले में जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में यह मामला विचाराधीन है। पिछले लगभग एक हफ्ते से दिल्ली का हर साल की तरह यही आलम होने से सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही सख्त रवैया अपनाया जिसका अंदाजा उनके इन शब्दों से लगाया जा सकता है जिसमें उसने कहा कि श्यदि हमने अपना बुलडोजर चलाना शुरू किया तो रुकेंगे नहीं।श चूंकि पराली की समस्या के लिये पंजाब को सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता रहा है, कोर्ट ने इस राज्य को लेकर बहुत कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि वह राजनीति बंदकर आवश्यक कार्रवाई करे। साथ ही, सभी सम्बन्धित सरकारों को एक–दूसरे पर दोषारोपण करने से बचने और अपने–अपने राज्यों में पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये। पीठ का कहना था कि पंजाब सरकार चाहे जुर्माना लगाये या प्रोत्साहन दे, उसे पराली जलाने पर रोक लगानी होगी। जब पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि जुर्माना लगाना कठिन है, तो बेंच ने तंज कसते हुए कहा कि श्जुर्माना लगाना कठिन हो सकता है परन्तु दिल्लीवासियों की सेहत बिगाड़ने में कोई दिक्कत नहीं होती।' शीर्ष कोर्ट को जब बताया गया कि किसानों को धान का उत्पादन न लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो इस पर कोर्ट ने सहमति जताई कि वैकल्पिक फसलें लेना अच्छा उपाय हो सकता है। धान की फसल की बजाय अन्य फसल लेने की बात इसलिये उठती है क्योंकि धान कटाई के बाद ही इसके अवशेषों (पराली) को जलाया जाता है ताकि रबी की फसलें ली जा सकें। वैसे इस समस्या के राजनैतिक रंग लेने का एक बड़ा कारण यह है कि इसमें हरियाणा व उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं तो राजस्थान में कांग्रेस की। इस बार बुरे फंसे हुए हैं दिल्ली



के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो पहले पंजाब को दोषी ठहराया करते थे परन्तु पिछले वर्ष वहां उनकी (आम आदमी पार्टी की) सरकार बन जाने से वे न तो अपनी सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, न ही बचाव। इसे उनकी आलोचना का सुअवसर जानकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहते हैं कि श्सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केजरीवाल के मुंह पर तमाचा है।' हालांकि आप ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट जो भी निर्देश व सुझाव देगा, दिल्ली सरकार उनका पालन करेगी। सुनवाई के दौरान धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने की जो बात कही गई है, वह एक आकर्षक सुझाव तो हो सकता है लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लम्बी है जिसमें कई वर्ष लग जायेंगे। कहने मात्र से किसान धान की फसलें लेना नहीं छोड़ देंगे जब तक कि उनके पास धान की बिक्री से होने वाले आर्थिक लाभ के बराबर की कमाई सुनिश्चित न हो। पंजाब में धान लेने वाले किसानों की संख्या बहुत बड़ी है इसलिये यह सुझाव भी तत्काल में अमल में लाया जाना मुश्किल है। देखना यह है कि ये सरकारें अगली सुनवाई में क्या हल लेकर आती हैं, जो शुक्रवार, 10 नवम्बर को होगीय या फिर अगले करीब एक पखवाड़े तक दिल्ली–एनसीआर के निवासियों को गैस चेंबर में ही रहना होगा। उसके बाद तो वैसे ही पराली जलनी बंद हो जाती है।

# युद्ध का एक माह

**आदित्य नारायण**

इजराइल–हमास युद्ध को चलते एक महीना पूरा हो चुका है। पिछले महीने की 7 तारीख को इजराइल पर हमास के जबरदस्त हमलों ने सबको हिला कर रख दिया था। इसके बाद इजराइल ने हमास को खत्म करने का संकल्प लिया और उसने गाजा पर तीन तरफा हमला कर दिया। हमास के हमलों में इजराइल के 1400 लोगों की जान गई थी लेकिन इजराइली हमलों में 10 हजार फिलस्तीनियों की जान जा चुकी है। हमास ने जिन 240 फिलघ्स्तीनियों को बंधक बनाया था उनमें से कुछ को रिहा किया जा चुका है लेकिन अभी भी बंधकों की रिहाई पर गतिरोध बना हुआ है। इस युद्ध के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की कुर्सी भी हिलती नजर आ रही है। इजराइल में विपक्ष और मीडिया लगातार यह सवाल पूछ रहा है कि क्या नेतन्याहू हमास हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करेंगे। हालांकि नेतन्याहू इन सब सवालों को खारिज करते आ रहे हैं और वह इस्तीफा देने से इन्कार करते आ रहे हैं लेकिन जनमत सर्वेक्षण बता रहे हैं कि इजराइल का बड़ा बहुमत उनके खिलाफ हो चुका है। रिपोर्टें बता रही हैं कि पूर्व रक्षामंत्री बेनी गैंटस को 48 फीसदी लोगों ने देश के अगले पीएम के रूप में पसंद किया है जबकि नेतन्याहू केवल 28 फीसदी लोगों की पसंद है। इजराइल में विपक्ष और नेतन्याहू की पार्टी की मिलीजुली सरकार चल रही है। वहां के संविधान के मुताबिक जब भी इजराइल युद्ध लड़ता है तो वहां विपक्ष भी वार कैंधबिनेट के जरिये सत्ता में आ जाता है। इस समय बेनी गैंटस इजराइल की वार कैंधबिनेट में शामिल हैं। नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के कई आरोपों में मुकद्दमा चल रहा है। विपक्ष का आरोप है कि नेतन्याहू युद्ध की आड़ में अपनी खुद की कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं और वह अपनी सत्ता को बरकरार रखने के लिए इसका पूरा सहारा ले रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र आरोप लगा रहा है कि इजराइल ने गाजा को बच्चों की कब्रगाह बना दिया है। फिलहाल युद्ध विराम या सैन्य अभियानों को अस्थायी रूप से रोकने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा। जो मुद्दे उभर कर सामने आए हैं उनमें पहला हमास द्वारा 242 बंधकों की रिहाई , दूसरा गाजा को मानवता के आधार पर राहत सामग्री देना और तीसरा युद्ध विराम कराना। इन तीन मुद्दों ने विश्व जनमत को दो समूहों में विभाजित कर दिया है। संघर्ष के एक किनारे पर 7 अक्तूबर को हमास द्वारा की गई आतंकवादी गतिविधियां हैं और दूसरी तरफ आईडीएफ का प्रतिशोध है जो गाजा में भारी विनाश, भूख और निर्दोषों की मौत के रूप में सामने आ रहा है। आज की तारीख में कोई भी राष्ट्र इस युद्ध में तटस्थ होने का दिखावा नहीं कर सकता। इजराइल और हमास दोनों की रणनीतियां इस गंभीर समस्या को और अत्यधिक जटिल बनाकर विश्व शांति के लिए खतरा बढ़ाने का काम कर रहीं। हमास के लिए 'करो या मरो' लगता है कि वह गाजा पट्टी को दो हिस्सों में विभाजित करना चाहता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने छुपकर वेस्ट बैंक में अलफतेह मुख्यालय का दौरा किया था। इसके व्यापक राजनीतिक संकेत हैं। इजराइल के अधिक समय तक इजराइल का प्रधानमंत्री बने रहने की सम्भावना नहीं है। इसलिए वह सीधे युद्ध में उलझना नहीं चाहता। इजराइल–हमास युद्ध बढ़ने के साथ अमेरिका के भी एक बड़े संघर्ष में शामिल होने कुछ अमेरिकी सैनिक ओमान में मौजूद हैं। इजराइल में कितने अमेरिकी सैनिक हैं इस बारे में कोई जानकारी नहीं है लेकिन यहां पर कम से कम एक अमेरिकी सैन्य अड्डा तो है। बहरीन में एक अमेरिकी नौसेनिक अड्डा



की स्थिति है। इसलिए उनके पास शुरू से ही स्पष्ट रणनीति रही है लेकिन इस रणनीति का अधिकांश हिस्सा रहस्य में डूबा हुआ है। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इजराइल पहुंच जाते हैं तो कभी अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तेल अवीव पहुंच जाते हैं लेकिन युद्ध विराम का मार्ग नहीं ढूंढा जा सका है। इजराइल ने गाजा शहर को पूरी तरह से घेर लिया है। ऐसा गाजा शहर में हमास के नागरिक प्रशासनिक नियंत्रण और युद्ध क्षमता को पूरी तरह से नष्ट करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। यद्यपि युद्ध में हमास को अधिक नुक्सान होने की खबरें आ रही हैं लेकिन नुक्सान तो इजराइल का भी हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसा माहौल सृजत हो रहा है कि नेतन्याहू जाने वाले हैं। अमेरिका को भी यह लगता है कि नेतन्याहू का जोखिम है। मिडिल ईस्ट यानी मध्य पूर्व वह क्षेत्र है जहां पर करीब 45000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ऐसे में अगर अमेरिका इस जंग में शामिल हुआ तो स्थिति काफी उलझ सकती है। तुर्की में 1885 अमेरिका सैनिक, इराक में 2500, सीरिया में 900, जॉर्डन में 2936, कुवैत में 13500, सऊदी अरब में 2700, बहरीन में 9000, कतर में 8000, यूएई में 3500 और है जो नौसेना के सेंट्रल कमांड और अमेरिकी पांचवें बेड़े का मुख्यालय है। दुनिया देख रही है कि इजराइल अमेरिका की सहायता से अब अपनी हदें पार कर रहा है और जो कुछ हो रहा है वह अमानवीय है। अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर लोगों को भोजन, दवा से वंचित ध्किया जा रहा है। देखना होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध रोकने में क्या रुख अपनाती हैं।

# बिहार का आर्थिक सर्वेक्षण

बिहार में हुए जातिगत सर्वेक्षण के बाद जो विभिन्न समुदायों की आर्थिक स्थिति के जो आंकड़े पेश हुए हैं वे वास्तव में औसत आदमी की आर्थिक हालत के बारे में आंखें खोल देने वाले हैं। इन आंकड़ों से साफ हो गया है कि बिहार के एक–तिहाई लोग केवल छह हजार रुपए महीना से कम पर अपना गुजारा करने के लिए मजबूर हैं। सबसे ज्यादा बुरी हालत अनुसूचित समाज के लोगों की है जबकि मुस्लिम समाज की हालत और भी ज्यादा खराब है। जातिगत आधार पर आय का वर्गीकरण करने की जरूरत इसलिए नहीं है क्योंकि हम सभी जानते हैं कि समाज के निचले तबकों की आय ही सबसे कम होती है मगर चौंकाने वाली बात यह भी है कि समाज के कथित उच्च जाति समाज में भी गरीबों की संख्या कम नहीं है और इसके भी 25 प्रतिशत लोग छह हजार रुपए से कम माहवार पर ही अपना गुजारा करते हैं। इसका सीधा मतलब यह निकलता है कि भारत में आय या सम्पत्ति का बंटवारा समानुपाती रूप में नहीं हो रहा है और धन का संचय कुछ विशेष वर्गों तक सीमित हो गया है। इस असमानता का सम्बन्ध निश्चित रूप से देश की आर्थिक नीतियों से ही हो सकता है। स्वतन्त्रता के बाद हमने जो आर्थिक नीतियां अपनाईं उनका मुख्य लक्ष्य भारत में कल्याणकारी राज की स्थापना करते हुए गरीबों को आर्थिक रूप से सम्पन्न इस प्रकार करना था कि इस वर्ग के लोगों की उत्पादनशीलता को बढ़ाते हुए उनकी हिस्सेदारी राष्ट्रीय सम्पत्ति में बढ़ाई जाये। यह बहुत दुष्कर कार्य था क्योंकि आजादी मिलने के वक्त भारत की 90 प्रतिशत से अधिक जनता केवल कृषि पर ही निर्भर करती थी। भारत ने जो नीतियां बनाईं उसमें औद्योगीकरण पर जोर दिया गया और धीरे–धीरे आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा कृषि क्षेत्र से निकल कर औद्योगिक क्षेत्र में संलग्न हुआ। इससे भारत के औसत गरीब आदमी की स्थिति में सुधार आने का क्रम जारी हुआ और धीरे–धीरे भारत में बहुत बड़े मध्यम वर्ग का निर्माण हुआ। इससे देश का उत्पादन करने वाला औद्योगिक पहिया तेजी से घूमना शुरू हुआ। इसके समानान्तर ही भारत ने कृषि क्रान्ति करके खेती के उत्पादन में वृद्धि की जिससे कृषि आय में इजाफा होने के साथ इस पर रोजगार उपलब्ध कराने का बोझ भी घटता गया। इसके साथ ही भारत ने कृषि क्षेत्र में एक और दुग्ध उत्पादन में श्वेत क्रान्ति की। इस चक्र के पूरा होने के कुछ वर्षों के बाद 1991 में भारत ने बाजार मूलक अर्थ नीतियां चला कर भारत के बाजारों को विश्व के बाजारों से जोड़ा। इस अर्थव्यवस्था ने सारे सामाजिक व आर्थिक विकास के ढांचे को धीरे–धीरे बाजार की शक्तियों पर छोड़ना शुरू किया जिसकी वजह से सामाजिक–आर्थिक विषमता का मुद्दा राजनीति के केन्द्र से बाहर होता गया और भारत पूंजी की सत्ता के प्रभावों से बंधता चला गया। भारत जैसे भौगोलिक व सांस्कृतिक–सामाजिक विविधता वाले देश में यह ढांचा केवल बड़े–बड़े शहरों के बेतरतीब विकास में इस तरह सिमटा कि गांवों से शहरों की तरफ पलायन तेज हुआ जिसकी वजह से गांव शहरों पर आश्रित होते रहे। गांव के आदमी की आय बढ़ाने का लक्ष्य कहीं पीछे छूटता चला गया और हम बड़े–बड़े शहरों के विकास की चकाचौंध में उलझ कर रह गये। इससे बहुत बड़ा असन्तुलन भारतीय समाज में पैदा हुआ क्योंकि पूंजी की सत्ता के केन्द्र बने हुए बड़े–बड़े शहर और इन्हें चलाने वाले बड़े–बड़े पूंजीपति व उद्योगपति अपने हाथों में ही सुख–समृद्धि को समेटते रहे। अतः हम जिस आर्थिक असमानता को आज बिहार में देख रहे हैं वह केवल किसी खास वर्ग या समाज में फैली असमानता नहीं है बल्कि भारत के सामान्य समाज में फैली असमानता है। बिहार जैसे राज्य में अगर केवल सात प्रतिशत लोग ही स्नातक पास हैं तो इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा का पाना आज कितना मुश्किल होता जा रहा है। लोकतन्त्र में शिक्षा भी यदि सम्पन्न वर्ग का ही विशेषाधिकार बन जाता है तो आम आदमी की हालत में आर्थिक बदलाव नहीं किया जा सकता।

## विश्व कप में बांग्लादेश के आखिरी मैच के बाद तेज गेंदबाजी कोच का पद छोड़ेंगे एलन डोनाल्ड

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड 11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व कप के आखिरी मैच के बाद अपना पद छोड़ देंगे। क्रिकबज के अनुसार, डोनाल्ड ने पुणे में एक टीम मीटिंग के दौरान अपने फैसले की जानकारी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को दी। अधिकारी ने गुरुवार को कहा, हां, उन्होंने (डोनाल्ड) हमें सूचित किया कि वह इस विश्व कप के बाद टीम मीटिंग के दौरान हमारे साथ नहीं रहेंगे। यह डोनाल्ड के लिए एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण कार्यकाल के अंत का प्रतीक है, जिन्होंने मार्च 2022 में



टी20 विश्व कप को मुख्य लक्ष्य मानकर कार्यभार संभाला था। हालाँकि, टीम के तेज गेंदबाजी स्टॉक की प्रभावशाली प्रगति के साथ, उनका अनुबंध बीसीबी द्वारा मौजूदा आईसीसी विश्व कप तक बढ़ा दिया गया था। बीसीबी ने 8 नवंबर को घोषणा की कि वे 6 नवंबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान एंजेलो मैथ्यूज के खिलाफ 'टाइम आउट' की अपील करने के बाद कप्तान शाकिब अल हसन पर कटाक्ष करने के लिए डोनाल्ड से स्पष्टीकरण मांगेंगे। जब इस संबंध में डोनाल्ड का ध्यान आकर्षित किया गया तो वह जरा भी चिंतित नजर नहीं आए। डोनाल्ड ने कहा, अगर वे (बीसीबी) स्पष्टीकरण मांगते हैं तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। जहां तक मेरा सवाल है, स्पष्टीकरण खबरों में था उन्होंने कहा कि उन्हें बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के साथ बने रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## हेल्मेट स्ट्रैप चेक कर लिया क्या ! एंजलो मैथ्यूज को कीवी क्रिकेटरों ने घेरा

**मुंबई।** अनुभवी श्रीलंकाई बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के दौरान 'टाइम आउट' पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बनने के बाद से सुर्खियों में बने हुए हैं। घटनाक्रम को लेकर बांग्लादेश और श्रीलंका के प्लेयर आमने सामने होते दिखे। अंपायरों तक ने अपने स्पष्टीकरण दिए लेकिन फिर खेल भावना को लेकर क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया पर जमकर कमेंट किए। इसी बीच एंजेलो जब न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु के मैदान पर खेलने उतरे तो कीवी कप्तान केन विलियमसन भी उन्हें चिढ़ाने से पीछे नहीं हटे।



इंटरनेशनल क्रिकेट कौंसिल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट की है जिसमें दिखता है कि एंजेलो जब क्रीज पर आते हैं तो वह मैथ्यूज से उनके हेल्मेट के स्ट्रैप के बारे में पूछते नजर आ रहे हैं। एंजेलो भी इसका जवाब हंसी के साथ देते नजर आते हैं। मैथ्यूज नौवें ओवर में क्रीज पर पहुंचे थे जब श्रीलंकाई टीम ने 70 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। असलांका 8 रन बनाकर बोल्ट की गेंद का शिकार हुए थे। इसके बाद मैथ्यूज जब क्रीज पर आने लगे तो पहले ट्रेंट बोल्ट ने तो बाद में केन विलियमसन उनसे मजाकिया लहजे में बातचीत करते नजर आए।

## फीडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज़ चैंपियनशिप 2023 समरकंद, उज्बेकिस्तान में होगी

**समरकंद, उज्बेकिस्तान।** शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज़ की विश्व चैंपियनशिप उज्बेकिस्तान के सबसे प्राचीन शहर समरकंद 26 से 30 दिसंबर तक आयोजित होगी , विश्व शतरंज संघ नें आज इसकी घोषणा करते हुए बताया की एक बार फिर इस पांच दिवसीय टूर्नामेंट दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। प्रतियोगिता एक बार फिर से पुरुष और महिला वर्ग में आयोजित होगी ।समरकंद ऐतिहासिक सिल्क रोड व्यापार मार्ग के साथ एक महत्वपूर्ण शहर हुआ करता था और शतरंज के लिए भी ऐतिहासिक महत्व रखता है- यह वही शहर था जहां 1977 में सबसे पहले ज्ञात शतरंज के मोहरो की खोज की गई थी, जो 6 वीं और 8 वीं शताब्दी ईस्वी के बीच के थे। भारत से अब तक विश्वनाथन आनंद विश्व रैपिड और ब्लिट्ज़ चैम्पियन रह चुके है जबकि कोनेरु हम्पी नें विश्व रैपिड शतरंज का खिताब अपने नाम किया था । इस बार भारत की नजरे पुरुष वर्ग में गुकेश , प्रज्ञानन्दा , विदित गुजराती , अर्जुन एरिगासी और निहाल सरीन जैसे युवा खिलाड़ियों पर रहेगी जबकि महिला वर्ग में कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के अलावा वैशाली आर से भारत को बड़ी उम्मीद रहेगी ।

# विश्व कपः न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल की राह आसान हुई, पाकिस्तान और अफगानिस्तान लगभग बाहर

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में गुरुवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर न्यूजीलैंड ने 15 नवंबर को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए खुद को लगभग सुरक्षित कर लिया है। हालांकि चौथे स्थान के लिए न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अभी भी तीन-तरफ़ा संघर्ष चल रहा है। बेहतर नेट रन रेट (एनआरआर) की लड़ाई में न्यूजीलैंड ने पहले श्रीलंका को केवल 171 रन पर आउट करके और फिर 24वें ओवर में लक्ष्य का पीछा करके खुद को आरामदायक स्थिति में ला दिया है। शनिवार (11 नवंबर) को अपने आखिरी ग्रुप स्टेज गेम में इंग्लैंड पर पाकिस्तान की जीत उन्हें अंकों के मामले में न्यूजीलैंड के बराबर ले जाएगी, लेकिन नेट रन रेट के मामले में कीवी टीम को पीछे छोड़ना लगभग असंभव लगता है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, न्यूजीलैंड का एनआरआर 0.743 है जबकि पाकिस्तान का 0.036 है।

पाकिस्तान को न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ने के लिए निम्नलिखित कार्य करना होगाः

- अगर पाकिस्तानी टीम पहले बल्लेबाजी करती है और 300 रन बनाती है तो इंग्लैंड को 13 रनों पर सीमित करना होगा।
- अगर पाकिस्तानी टीम 350 रन बनाती है तो इंग्लिश टीम को 62 रन तक सीमित रखे।
- अगर पाकिस्तान 400 का स्कोर बनाता है तो इंग्लैंड को 112 रन तक सीमित रखें।
- अगर पाकिस्तान बाद में बल्लेबाजी करे तो उसे लक्ष्य 3 ओवर में हासिल करना होगा।



संयोग से, पाकिस्तान इस विश्व कप में अपने आखिरी ग्रुप चरण के खेल से पहले खुद को उसी स्थिति में पाता है जैसा कि उन्होंने 2019 संस्करण में किया था। उस समय भी, एनआरआर पर चौथे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए उन्हें 300 से अधिक रनों के अकल्पनीय अंतर से जीत की जरूरत थी। उन्होंने पहले बल्लेबाजी की और 9 विकेट पर 315 रन ही बना सके, जिससे बांग्लादेश को सात रन पर रोकना था। पीछा करने वाली टीम 1.5 ओवर में 8/0 पर पहुंच गई। अफगानिस्तान की हालत और भी खराब है। हशमतुल्लाह शाहिदी की टीम वर्तमान में -0.338 के एनआरआर के साथ छठे स्थान पर है। दो रात पहले तक, उनका भाग्य उनके हाथों में था क्योंकि उनके पिछले दो मुकाबलों में दो जीत उन्हें न्यूजीलैंड और पाकिस्तान दोनों को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर ले जातीं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल के दौरान वे ट्रैक पर थे जब उन्होंने 291/5 के लक्ष्य का बचाव करते हुए एक समय ऑस्ट्रेलिया के केवल 91 रनों पर 7 विकेट गिरा दिये थे, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने अविश्वसनीय दोहरे शतक के साथ उन्हें रोक दिया। चौथे स्थान पर पहुंचने के लिए अफगानिस्तान को न्यूजीलैंड के एनआरआर से आगे निकलने के लिए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 439 रनों से हराना होगा (यदि वे पहले बल्लेबाजी करते हुए 500 रन बनाते हैं)।

## रेल मंत्री ने लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी को वंदेभारत ट्रेन से किया रवाना

**भोपाल।** देशभर में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट ने अपनी यात्रा शुरू की है।इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ शुरू हुई यात्रा को गुरुवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सबसे तेज़ रेल नेटवर्क वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से यहां हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भोपाल के कमलापति रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में ट्रॉफी के साथ लीजेंड क्रिकेटर सैय्यद किरमानी, जोंटी होंड्स, मोंटी पानेसर और ईश्वर चंद पाण्डेय ट्रेन से रवाना हुए। इस अवसर पर रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम वंदे भारत ट्रेन पर लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट और दिग्गज खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि यह अतुलनीय यात्रा देश में खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।जानकारी के



अनुसार लीजेन्ड्स लीग क्रिकेट की यह ट्रॉफी 17 विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से होकर गुज़रेगी। क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस पर मौजूद रहेंगे। इसका पहला स्टाप ताज महल का नगर आगरा होगा और यात्रा का समापन दिल्ली में होगा।

## हरिकेन ने जीता अंतर सचिवालय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**देहरादून।** हरिकेन ने अंतर सचिवालय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट (मोनाल कप) का खिताब जीत लिया है। खिताबी मुकाबले में हरिकेन ने सचिवालय ए को 69 रनों से हराया। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए खिताबी मुकाबले में हरिकेन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हरिकन ने कपिल गंगवार (85) के बेहतरीन अर्धशतक और दिवाकर पंत के 45 रनों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 214 रन बनाए। कपिल और दिवाकर के अलावा अनुज चमोली ने नाबाद 16 रन बनाए। सचिवालय ए की तरफ से टिकराज ने 3 और हरीश सैनी ने 2 विकेट लिए। 214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए की टीम कुल 20 ओवरों में 09 विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना पाए। आशुतोष विमल ने 78, अनिल नेगी ने 26 रन बनाए। मुकेश रावत ने 4, ओमीश ने 2, अनुज और विनोद ने 1-1 विकेट लिए। सचिवालय हरीकेन ने फाइनल मैच 69 रन से जीत लिया। फाइटर ऑफ द मैच आशुतोष विमल को और मैन ऑफ द मैच कपिल गंगवार को दिया गया। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज बेस्ट बॉलर का अवार्ड टिकराज सिंह ने जीता, जबकि वीरेंद्र रावत को बेस्ट कीपर, सुनील मैंदोला को बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड मिला। वहीं, फेयर प्ले का अवार्ड सचिवालय हरिकेन



को दिया गया। इससे पहले आज राज्य स्थापना दिवस पर मैच से पूर्व राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मैदान पर अनिल जोशी, अध्यक्ष, सचिवालय क्रिकेट क्लब, राजेंद्र रतूड़ी, सचिव, क्रिकेट क्लब, अनुज चमोली, सुनील लखेड़ा, अध्यक्ष सचिवालय संघ, जीतमणि पैन्यूली, करम राम एवं ललित जोशी उपस्थित रहे।

## हाकी : सीतापुर की तनिशा ने हापुड़ की काजल को दी मात, नीर नेहवाल भी फाइनल में जीते

**लखनऊ।** बी.बी.डी. उ. प्र. बैडमिंटन अकादमी में योनेक्स सनराइज डा0 अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल उ0प्र0 स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का फाइनल मैच खेला गया। इस मैच में खिलाड़ियों ने काफी उत्साह दिखाया। इस मैच में एकल महिला बैडमिंटन के फाइनल में हापुड़ का काजल परवार को सीतापुर की तनिशा सिंह ने सीधे सेटों में हरा दिया। पुरुष एकल फाइनल मैच नोयडा के नीर नेहवाल व चिराग सेठ,(नोएडा), के बीच खेला गया। इसमें रोमान्चक मैच में नीर नेहवाल ने चिराग सेठ को 23-12 व 21-19 से हराकर पुरुष एकल के स्टेट चैम्पियनशिप बने, जबकि तनिशा सिंह (सीतापुर) ने काजल परवार, (हापुड़) को दो सीधे सेटों में 21-16, 21-16 से हराकर महिला एकल चैम्पियनशिप बनने का गौरव प्राप्त किया। पुरुष एकल का फाइनल मैच आयुश अग्रवाल व दक्ष गौतम (आगरा) व प्रदीप चौधरी अलीगढ़ -शिवम श्रीवास्तव (गोरखपुर) के बीच खेला गया, जिसमें आयुश अग्रवाल व दक्ष गौतम (आगरा) ने प्रदीप चौधरी-शिवम् श्रीवास्तव को 23-21, 21-19 से हराकर विजेता बने। महिला युगल का फाइनल मैच



शैलजा शुक्ला व शिवांगी (यूपीबीए-मेरठ) समिद्वि सिंह व सोनाली सिंह (यूपीबीए) के बीच खेला गया। समृद्धि सिंह व सोनाली सिंह (यूपीबीए) ने शैलजा शुक्ला एवं शिवांगी सिंह को 21-11, 21-14 से हराकर विजेता बने।

मिश्रित युगल का फाइनल तनिशा सिंह व तुशार गगनेजा व आयुश राज गुप्ता एवं शिवांगी सिंह के बीच खेला गया जिसमे तनिशा सिंह व तुशार गगनेजा से आयुशराज गुप्ता व शिवांगी सिंह को 21-16, 21-17 से हराकर मिश्रित युगल के विजेता बने। सभी खिलाडियों को पांच लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। चैम्पियनशिप का पुरस्कार वितरण श्रीमति अल्कादास (कुलाधिपति-बी0बी0डी0 युनि0) व श्रीमति वंदना सहगल (निदेशक) के द्वारा किया गया। डा0 नवनीत सहगल (प्रेसीडेंट, यूपीबीए), ने भी टेक्नीकल आफीसियलस को पुरस्कृत किया । इसी प्रदर्शन के आधार पर उ0प्र0 टीम का चयन किया गया। वाई0 के0 जयसवाल ने टीम के चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की, जो कि 18 दिसम्बर से 24 दिसम्बर गुवाहाटी मे होने वाली सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में उ0 प्र0 टीम का प्रतिनिधित्व करेगें। चयनित खिलाड़ियों में चिराग सेठ, तनिशा सिंह, नीर नेहवाल, काजल पनवार, प्रदीप चौधरी, शैलजा शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, शिवांगी सिंह हैं।

## फ्रांस क्रिकेट पर लगे धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार के आरोप, आईसीसी करेगा मामले की जांच

**नई दिल्ली।** फ्रांस क्रिकेट वर्तमान में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जांच की जा सकती है। दरअसल फ्रांस क्रिकेट पर कई फर्जी मैचों के आरोप लगाए गए हैं। फ्रांसीसी मीडिया की एक रिपोर्ट के जवाब में आईसीसी ने कहा, हम इस पर गौर कर रहे हैं। पूर्व फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर ट्रेसी रोड्रिग्ज द्वारा पहली बार काल्पनिक मेल होने का खुलासा करने के बाद फ्रांस24 की एक रिपोर्ट में ये आरोप लगाए गए थे। ऐसे भी आरोप हैं कि फ्रांस क्रिकेट महिला क्रिकेट के लिए आईसीसी विकास निधि तक पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है और छुपाता है कि वह उन्हें कैसे खर्च करता है।

आईसीसी ने कहा कि वह आरोपों को गंभीरता से ले रहा है और उम्मीद है कि वह इस समस्या की जांच शुरू करेगा। भ्रष्टाचार निरोधक इकाई इसमें शामिल होगी या नहीं, इसकी अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं है। रोड्रिग्ज ने फ्रांसीसी प्रकाशन को बताया कि उसने अपने संदेह पर कार्रवाई करने का फैसला किया कि फ्रांस क्रिकेट के दावे के अनुसार कई महिलाओं के मैच खेले जा रहे थे। वह उस मैदान में गई जहां खेल होने वाले थे लेकिन उसे कोई गतिविधि नहीं मिली।खेल के समय बच्चे साइकिल चला रहे थे।

# खुद को ईश्वरीय प्रेरणा से तैयार एक फाइटर मानती हैं मैरी कॉम

**नई दिल्ली।** महान भारतीय महिला मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट श्रृंखला के एक एपिसोड में अपने शानदार करियर और जीवन के बारे में रोचक जानकारियां साझा कीं।

पॉडकास्ट में मैरी कॉम ने अपनी अनोखी जिंदगी की परतें खोलीं। बातचीत में उनकी यात्रा के आध्यात्मिक पहलू पर चर्चा हुई। मैरी कॉम ने खुलासा किया कि वह खुद को ईश्वरीय प्रेरणा से तैयार एक फाइटर मानती हैं। साथ ही उन्होंने जीवन की बाधाओं का सामना करते हुए निडर होकर, समाज की भलाई में योगदान देने की उत्सुकता व्यक्त की।

पॉडकास्ट ने मैरी कॉम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को छुआ, जिसमें उन पर हालिया बायोपिक भी शामिल है, जो उनकी उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने विनम्रतापूर्वक अपने बारे



में फिल्म बनाने के सौभाग्य और एक महिला के रूप में दूसरों की प्रेरणा में योगदान देने के गौरव को स्वीकार किया।

मैरी कॉम ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलीटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भारतीय ओलंपिक टीम को शुभकामनाएं दीं। विशेषकर उन्होंने भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तारीफ की और उम्मीद जताई कि वह एक बार फिर देश के लिए स्वर्ण जीतेंगे। पॉडकास्ट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा महिलाओं और पुरुषों के लिए मैरी कॉम की सलाह को समर्पित था। महिलाओं के लिए, उन्होंने शादी के बाद भी अपने सपनों को आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, और परिवारों से महिलाओं की करियर आकांक्षाओं का समर्थन करने का आग्रह किया। पुरुषों के लिए, मैरी कॉम ने महिलाओं के प्रति बिना शर्त समर्थन और सकारात्मकता पर जोर दिया।

बातचीत में मैरी कॉम के वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व पर भी चर्चा हुई, जिसमें उन्हें एक भावनात्मक लेकिन अभिव्यंजक व्यक्ति के रूप में चित्रित किया गया। पॉडकास्ट का समापन मैरी कॉम के साथ उनके शुरुआती करियर में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा के साथ हुआ, जहां भारत में कैमरे और अन्य उपकरण दुर्लभ थे। उन्होंने मुक्केबाजी के मानसिक पहलू पर जोर दिया और इसे एक स्मार्ट और रणनीतिक खेल बताया जो शारीरिक ताकत से परे है।

## अफगानिस्तान इस विश्व कप का एक मुख्य आकर्षण, उसकी गेंदबाजी स्तरीय : विवियन रिचर्ड्स

वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स का कहना है कि क्रिकेट विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान टीम ने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। विवियन ने कहा कि मेरे लिए इस विश्व कप का एक मुख्य आकर्षण अफगानिस्तान को देखना है। अगर उन्हें 250 से अधिक का स्कोर मिलता है, तो उनके पास जो गेंदबाजी इकाई है, उसका मतलब है कि वे हर समय खेल में बने रहेंगे। रिचर्ड्स ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार पारी खेलकर अफगानिस्तान को भले ही जीत से वंचित कर दिया हो लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

रिचर्ड्स ने युवा शुभमन गिल की भी काफी प्रशंसा की और कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो 'स्टाइल के साथ बल्लेबाजी करते हैं' और 'उन खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास सभी बड़े शॉट् हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह की 'मानसिकता' के साथ भारतीय



खिलाड़ी विश्व कप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, वे इस तरह खेलते हुए खिताब जीत सकते हैं। उन्होंने रोहित शर्मा की टीम से आग्रह किया कि वे नकारात्मक विचार मन में लाना बंद करें कि एक खराब मैच सामने आ सकता है। रिचर्ड्स का मानना है कि पाकिस्तान अब भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब भी नॉकआउट चरण में जगह बना सकता है लेकिन मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक सकता कि उनके पास जो प्रतिभा है, उसे देखते हुए उन्हें पहले ही अपना स्थान पक्का कर लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने लिए चीजों को कठिन बना लिया है - मुझे लगता है कि वे तालिका में अपनी स्थिति से कहीं अधिक प्रतिभाशाली टीम हैं।

# विराट कोहली की मानसिक मजबूती उसे बाकी खिलाड़ियों से अलग करती है : विवियन रिचर्ड्स

**दुबई ।** महान बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि उनकी मानसिक मजबूत उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है और वह मुश्किल से मुश्किल स्थिति से भी बाहर आ जाते हैं। कोहली ने हाल ही में अपने 35वें जन्मदिन पर सचिन तेंदुलकर के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 49वां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। वह भारत में चल रहे मौजूदा विश्व कप में आठ मैचों में 543 रन के साथ रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। नवंबर 2019 से कोहली लगभग तीन साल तक शतक नहीं जड़ पाए और यहां तक कि पिछले साल एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने से पहले उन्होंने खेल से ब्रेक भी लिया।

रिचर्ड्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा कि विराट एक उत्साही खिलाड़ी हैं और जो चीज उन्हें बाकी लोगों से अलग करती है, वह उनकी मानसिक ताकत है। अतीत में जब मैंने उनसे बातचीत की है और हमने चीजों पर चर्चा की है, उनकी मानसिक ताकत हमेशा स्पष्ट रही है। वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने कहा कि विराट इस विश्व कप से पहले कुछ कठिन दौर से गुजरे होंगे और कुछ लोग इतने हिम्मत वाले भी थे कि उन्हें बाहर करने की मांग कर रहे थे। रिचर्ड्स ने कहा कि बहुत सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी आए हैं लेकिन उनमें सबसे ऊपर आप विराट कोहली को ही पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं विराट का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, मैं लंबे समय से हूं, और अब भी यह दिखा रहा है कि क्यों उसे महान सचिन जैसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में जाना जाता है। कोहली जब 1,021 दिन तक शतक नहीं लगा पाए तो आलोचकों ने कहा कि उनके सुनहरे दिन पीछे छूट गए है। लेकिन यहां विश्व कप में उन्होंने शानदार फॉर्म दिखाई है जिससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2011 की सफलता के बाद भारत इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को दोबारा जीत सकता है।

## रत ने भेजी भूकंप प्रभावित नेपाल के लिए राहत सामग्री की तीसरी खेप

**काठमाडू।** भारत ने वीरवार को नेपाल में भूकंप से प्रभावित लोगों के लिए दवाओं और अन्य राहत सामग्री की तीसरी खेप भेजी। राहत सामग्री की पहली खेप रविवार को भेजी गई थी। विदेश मंत्री



एस. जयशंकर ने रविवार को 'एक्स' पर लिखा,'भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की तीसरी उड़ान 12 टन राहत सामग्री लेकर नेपाल पहुंची।' राहत सामग्री की ताजा खेप आईएएफ के एक सैन्य माल ढुलाई विमान से भेजी गई। पश्चिमी नेपाल के कई इलाकों में गत आए भूकंप के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई और 250 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट और रुकुम के पश्चिम जिलों में आए भूकंप से सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के लगभग 8,000 आवासों को नुकसान पहुंचा है।

## पुर्तगाल : प्रधानमंत्री के इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति ने संसद भंग की, समय पूर्व चुनाव का ऐलान किया

**पुर्तगाल।** पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सौसा ने कहा कि वह देश की संसद को भंग कर समय पूर्व चुनाव कराने का ऐलान कर रहे हैं। पुर्तगाल सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने इस्तीफा दे दिया था, जिसके दो दिन बाद राष्ट्रपति सौसा ने संसद को भंग करने की घोषणा की। सौसा ने कहा कि चुनाव 10 मार्च को होंगे। उन्होंने देश की 'काउंसिल ऑफ स्टेट' के साथ बैठक के बाद टीवी पर राष्ट्र के नाम संबोधन के दौरान अपने फैसले को सार्वजनिक किया। 'काउंसिल ऑफ स्टेट' पूर्व राजनेताओं और दिग्गज हस्तियों की एक परामर्श संस्था है। सौसा ने बुधवार



को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकात की थी, जिसके बाद उन्होंने 'काउंसिल ऑफ स्टेट' के साथ बैठक की। समाजवादी नेता कोस्टा 2015 से पुर्तगाल का नेतृत्व कर रहे हैं और पिछले साल उन्होंने चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। भ्रष्टाचार मामले की जांच के हिस्से के रूप में पुलिस ने पुर्तगाल में व्यापक स्तर पर छापेमारी की थी, जिसने देश को हिलाकर रख दिया। इसके बाद कोस्टा ने तत्काल इस्तीफा दे दिया था। पुलिस ने अपने चीफ ऑफ स्टाफ के साथ चार अन्य लोगों और सरकार के एक मंत्री को गिरफ्तार किया है, जिनका नाम फिलहाल जाहिर नहीं किया गया है। कोस्टा ने कुछ घंटों बाद ही राष्ट्र को दिए संबोधन में अपनी बेगुनाही की बात को दोहराते हुए कहा था कि वह प्रधानमंत्री पद पर बने नहीं रह सकते हैं।

## कनाडा के मॉन्ट्रियल में आतंकियों ने दो यहूदियों को गोलियों से भून दिया

**टोरंटो।** इजराइल पर हमास के आतंकियों द्वारा 6 अक्टूबर को हमला किए जाने के बाद दुनियाभर में रह रहे यहूदियों की जान आफत में आ गई है। दरअसल, इजराइल और हमास के बीच पिछले एक महीने से संघर्ष चल रहा है। इजराइली सेना लगातार हमास आतंकियों को 72 हूरों के पास पहुंचा रही है। अब तक हमास के कई कमांडर मारे जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, इजराइल-हमास संघर्ष में अब तक 10000 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, कनाडा समेत कई देशों में यहूदियों पर हमले की खबर सामने आई है। कनाडा के मॉन्ट्रियल के कोटे-डेस-नीगेस-नोट्रे-डेम-डी-ग्रेस बोरो में दो यहूदी स्कूलों को रात भर गोलियों से उड़ा दिया गया, पुलिस ने गुरुवार सुबह इसकी पुष्टि की। पहली घटना की सूचना पुलिस को सुबह 8:20 बजे दी गई जब मॉन्ट्रियल इंक के यूनाइटेड तल्मूड टोराज़ के एक सदस्य को स्कूल के एक दरवाजे में गोली का छेद मिला। सेंट-केविन और विक्टोरिया एवेन्यू पर स्थित संस्थान में एक प्राथमिक और उच्च विद्यालय शामिल है।

## अमेरिका के विरोध के बाद बदले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सुर! बोले- गाजा पर कब्जा नहीं चाहता इस्राइल

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश गाजा पर कब्जा करना, उसका प्रशासन करना या उसे जीतना नहीं चाहता है। हालांकि उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय बल की गाजा में जरूरत होगी, जो जरूरत पड़ने पर आतंकी खतरे को उभरने से रोक सके। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमास से लड़ाई खत्म होने के बाद गाजा की सुरक्षा की जिम्मेदारी अनंतकाल तक इस्राइल संभालेगा। इसे एक तरह से गाजा पर इस्राइल के कब्जे की चाहत के तौर पर देखा गया। हालांकि अमेरिका ने कहा है कि लड़ाई के बाद इस्राइल अगर गाजा पर कब्जा करता है तो वह उसका विरोध करेगा। अब नेतन्याहू के बयान से साफ है कि अमेरिका के विरोध के बाद इस्राइल के भी सुर बदल गए हैं।

**अमेरिका ने जताई नाराजगी**

बता दें कि इस्राइल-हमास की लड़ाई में अमेरिका खुलकर



इस्राइल का समर्थन कर रहा है लेकिन बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने एक बयान में साफ कहा था कि गाजा पर इस्राइल का कब्जा एक बड़ी भूल होगी। हालांकि बीते हफ्ते अमेरिका के एक टीवी चैनल के साथ इंटरव्यू में इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास से लड़ाई खत्म होने के बाद गाजा की सुरक्षा की जिम्मेदारी अनंतकाल तक इस्राइल संभालेगा ताकि हमास जैसा हमला फिर ना हो सके। नेतन्याहू के इस बयान के बाद अमेरिका के अधिकारियों ने फिर से इस्राइल को गाजा पर कब्जा करने को लेकर चेताया है और कहा है कि अगर इस्राइल गाजा पर कब्जा करता है तो अमेरिका, इस्राइल का विरोध करेगा। अब अमेरिकी मीडिया के साथ गुरुवार को एक इंटरव्यू में बेंजामिन नेतन्याहू के सुर बदले नजर आए और उन्होंने कहा कि इस्राइल, गाजा पर कब्जा या उसे जीतना नहीं चाहता है लेकिन वह चाहते हैं कि एक विश्वसनीय बल गाजा में मौजूद रहे जो आतंक के उभार को रोक सके।

**फलस्तीन अथॉरिटी की सरकार बन सकती है गाजा में**

अमेरिकी सरकार के अधिकारियों का कहना है कि वेस्ट बैंक में शासन कर रही फलस्तीन अथॉरिटी की सरकार को लड़ाई के बाद गाजा पर प्रशासन करना चाहिए। बीते दिनों जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने वेस्ट बैंक का दौरा किया था तो उस दौरान भी फलस्तीन अथॉरिटी के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात में गाजा में फलस्तीन अथॉरिटी की सरकार बनाने की बात कही थी। हालांकि महमूद अब्बास ने अपने ताजा बयान में कहा है कि वह इस्राइली टैंकों के दम पर गाजा में सरकार नहीं बनाएंगे बल्कि राजनीतिक बातचीत के आधार पर कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए।

## कराची की जेल से 80 भारतीय मछुआरे रिहा, पाकिस्तान सरकार ने कही यह बात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने 80 भारतीय मछुआरों को मालिर जेल से रिहा कर दिया है। जेल के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी में उन्होंने कहा, भारतीय मछुआरों को भारी सुरक्षा के बीच अल्लामा इकबाल एक्सप्रेस ट्रेन में बिठाया गया, वह लाहौर पहुंचेंगे।



जिसके बाद उन्हें वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

भारतीय मछुआरों के लिए लाहौर की यात्रा की व्यवस्था करने वाले ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा, गरीब पृष्ठभूमि के भारतीय मछुआरे घर लौटने को लेकर खासा खुश थे। वे खुश हैं कि वे जल्द ही अपने परिवार में शामिल होंगे।

पाकिस्तान और भारत नियमित रूप से समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के लिए एक-दूसरे के मछुआरों को गिरफ्तार करते हैं, जो कुछ बिंदुओं पर खराब रूप से चिह्नित है।

## अमरीका बोला : आतंकी पन्नू की धमकियां स्वीकार्य नहीं, कनाडाई पूर्व मंत्री ने पूछा ; फिर कार्रवाई क्यों नहीं ?

**वाशिंगटन।** अमरीका नेस फॉर जस्टिस के खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा एयर इंडिया के खिलाफ दी गई धमकियों की निंदा की है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पूछे जाने पर कि क्या अमरीका को लगता है कि किसी एयरलाइन को धमकी देना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद का महिमामंडन करना स्वीकार्य है, तो इसके विदेश विभाग के प्रवक्ता ने जवाब दिया है कि हिंसा या हिंसा की धमकी को कभी भी स्वीकार्य नहीं किया जा सकता।

हालांकि कनाडा के पूर्व संघीय मंत्री उज्जवल दोसांझ ने इस पर सवाल करते हुए कहा है कि फिर संयुक्त राज्य अमरीका पन्नू के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करता ? उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में उड़ान भरने वाले सिख अमरीकी नागरिक भी हो सकते हैं तो उन्हें आतंकित करने पर पन्नू के खिलाफ मुकद्दमा क्यों नहीं चलाया जा सकता? दोसांझ ने कहा है कि खलिस्तानी आतंक के सामने अमरीकी और कनाडाई राजनेता समान रूप से नपुंसक और कार हैं। उनका कहना है कि जब हमास के समर्थन में रैलियां निकाली गई और हिंसा का महिमामंडन हुआ, तो कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूटो ने उस महिमामंडन की निंदा करने में बहुत जल्दी की, लेकिन पन्नू ने जो कहा उसकी निंदा करने में वह खुद को सक्षम नहीं पा रहे थे। दोसांझ ने कहा कि यह मेरे लिए हैरान करने वाला और दुखद घटनाक्रम है कि मेरे प्रधानमंत्री और राजनेता आतंकवाद के महिमामंडन को तब गंभीरता से नहीं लेंगे जब यह एक समुदाय को प्रभावित करता है, वे ऐसा तब करेंगे जब वह दूसरे समुदाय को प्रभावित करेगा। वयोवृद्ध कनाडाई पत्रकार टेरी मिलेवस्की कहते हैं कि कनाड़ा ने आतंकवादियों के आतंक के मंडन को सामान्य बना दिया है।वयोवृद्ध कनाडाई पत्रकार टेरी मिलेवस्की कहते हैं कि कनाड़ा ने आतंकवादियों के आतंक के मंडन को सामान्य बना दिया है।

## दिवाली का जश्न: अमेरिका में मेयर ने हिंदुओं के साथ मनाया जश्न, ब्रिटेन में कई मंत्री पहुंचे भारतीय दूतावास

**तेल अवीव।** देश-दुनिया में दिवाली का उत्साह देखने को मिल रहा है। हिंदू अमेरिकी समुदायों ने रोशनी का त्योहार मनाया। इस मौके पर अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस भी दिवाली के जश्न और रात्रिभोज में शामिल हुए।

**अटलांटा मजबूत और बेहतर**

मेयर ने कहा कि यह निर्विवाद है कि अटलांटा मजबूत और बेहतर है। हम आभारी है कि हमारे यहां कई अंतरराष्ट्रीय समुदाए हैं और लोगों ने अटलांटा को अपना घर बनाया हुआ है। दक्षिण एशियाई व भारतीय समुदाय अटलांटा की संस्कृति और अटलांटा की अर्थव्यवस्था पर अविश्वसनीय प्रभाव डालते हैं।'

**भारतीय उद्यमियों की सराहना**

उन्होंने भारतीय उद्यमियों द्वारा अटलांटा की अर्थव्यवस्था में किए गए योगदान की सराहना की, जो हजारों रोजगार लेकर आए। उन्होंने नागरिक अधिकार



आंदोलन में महात्मा गांधी के विशेष योगदान पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'जिस तरह गांधी डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर के लिए मार्गदर्शक थे। मैं आप सभी को उत्सव की उज्ज्वल शाम और एक अद्भुत दिवाली उत्सव की शुभकामनाएं देता हूं।'

**दिवाली मनाकर खुश**

उन्होंने कहा, 'हम दिवाली मनाकर खुश हैं। सबसे महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक दिवाली अंधेरे पर प्रकाश की जीत का जश्न मनाता है।' इस बीच, न्यूयॉर्क राज्य के सीनेटर केविन थॉमस ने बुधवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति डग एमहॉफ के साथ दिवाली समारोह में भाग लिया।

**ब्रिटेन में भी मना जश्न**

पहली बार वेल्स के प्रथम मंत्री और दो सबसे वरिष्ठ मंत्री (स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था) बुधवार को कार्डिफ में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित दिवाली समारोह में शामिल हुए। वेल्स सरकार और भारत के वाणिज्य दूतावास ने मिलकर दिवाली समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर, वेल्स के प्रथम मंत्री मार्क ड्रेकफोर्ड ने अगले वर्ष एक नई वेल्स और भारतीय आर्थिक पहल की योजना की घोषणा की। पोंटकैना में ग्लैमरगन क्रिकेट क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए 69 वर्षीय लेबर राजनेता ने कहा कि दोनों देशों के बीच और भी अधिक अच्छे आर्थिक तथा सांस्कृतिक संबंध बनाना है। इस बीच उन्होंने अगले साल होने वाली एक योजना का भी खुलासा किया। बता दें, सेंट डेविड डे के मौके पर दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित कई शहरों में अन्य कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

## इस्राइल रोजाना चार घंटे हमले रोकने को राजी, आईडीएफ ने गाजा के अस्पताल परिसर में की बमबारी

**गाजा/यरूशलम।** इस्राइल-हमास युद्ध के बीच गाजा में इस्राइली सेना का अभियान जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार की रात इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने गाजा में अल-शिफा अस्पताल परिसर में एक यार्ड पर बमबारी की। जिसमें कई लोगों के हताहत होने की जानकारी सामने आई है। इससे पहले इस्राइली बलों ने गाजा पट्टी के उत्तर में छिपे हमास के आतंकियों वाले क्षेत्र पर गोलाबारी की। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाया का दावा किया। वहीं, अमेरिका ने कहा कि इस्राइल



रोजाना चार घंटे हमले रोकने को राजी हो गया है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार की रात इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने गाजा में अल-शिफा अस्पताल परिसर में एक यार्ड पर बमबारी की।

मानवाधिकार प्रमुख ने युद्धविराम का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने एक माह में कई युद्ध अपराध किए हैं। हमास शासित क्षेत्र के उत्तर में आतंकियों के गढ़ गाजा सिटी के निवासियों ने कहा कि शहर के चारों ओर से इस्राइली टैंकों ने घेर लिया है। इस्राइली सेना दो अस्पतालों के करीब जाती देखी गई, जहां हजारों विस्थापित फलस्तीनी आश्रय मांग रहे है। उसने यहां बुनियादी आपूर्ति खत्म कर दी है, जिससे फलस्तीनी नागरिकों को दवाओं, भोजन और पानी तक मुहैया नहीं हो रहा है। उधर, फ्रांस में 80 देशों व संगठनों ने गाजा में मानवीय सहायता के समन्वय के तरीकों पर बैठक की। बैठक में गाजा के घायलों को घेराबंदी से निकालने में मदद करने पर विचार भी किया गया।

## भारत से रिश्ते सुधारने में जुटा कनाडा, दोनों देशों के विदेश मंत्रियों में हो रही बातचीत

**इस्लामाबाद।** भारत और कनाडा के रिश्ते इन दिनों खराब दौर से गुजर रहे हैं। अब कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने कहा है कि वह भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के संपर्क में हैं और दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने की कोशिश जारी है। मेलिनी जॉली ने कहा कि यह समय दोनों देशों के लिए मुश्किल है क्योंकि दोनों देशों के रिश्ते दशकों से मजबूत हैं। कनाडा की विदेश मंत्री को जापान के टोक्यो में जी7 की बैठक में शिरकत करनी है, उससे पहले मीडिया से बात करते हुए मेलिनी जॉली ने उक्त बातें कही।

**क्या बोलीं कनाडा की विदेश मंत्री**

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कनाडा की विदेश मंत्री से भारत से रिश्तों को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कहा जब भारत की बात आती है तो वह पहले भी कई बार कह चुकी हैं...वह अपने समकक्ष एस जयशंकर के संपर्क में हैं और हम जानते हैं कि यह हमारे संबंधों के लिए खराब समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि हम इस मुश्किल समय से निकल जाएंगे। हमारे साझा हित हैं और हम मिलकर इसका समाधान निकाल सकते हैं। बीते दिनों भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेज दिया था। इस पर मेलिनी जॉली ने कहा



कि कनाडा के राजनयिकों को भारत से इसलिए आना पड़ा क्योंकि भारत ने उनकी राजनयिक प्रतिरक्षा वापस ले ली थी। ऐसे में हम उनकी सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते थे।

**भारत-कनाडा विवाद पर कही ये बात**

क्या अब कनाडा भारत के बीच का विवाद खत्म हो गया है? इसके जवाब में कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेजा लेकिन कनाडा बदले की कार्रवाई नहीं करेगा। बता दें कि भारत और कनाडा के रिश्तों में उस वक्त खटास आ गई थी, जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था। हालांकि भारत ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार और बेतुका बताया था। इसके बाद भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को बर्खास्त कर दिया था। हालांकि बीते महीने भारत ने फिर से वीजा सेवाओं को बहाल कर दिया है। बता दें कि बीती 18 जून को कनाडा के सरे में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की गुरुद्वारे की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हरदीप सिंह निज्जर भारत में वांछित अपराधी था। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर ही भारत कनाडा के रिश्तों में दरार आ गई है।

## दिवाली के अवसर पर कनाडा सरकार ने जारी किया विशेष डाक टिकट

**टोरंटो।** कनाडा की सरकार ने दिवाली के आगमन पर नया डाक टिकट जारी किया। कनाडा में बड़े पैमाने पर हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोग दिवाली मनाते हैं और बीते कई सालों से कनाडा सरकार दिवाली के अवसर पर डाक टिकट जारी कर रही है। यह डाक टिकट कनाडा के डाक विभाग ने जारी किया है।

इस डाक टिकट को क्रिस्टीन डो ने डिजाइन किया है और इस पर चित्रकारी रेना चेन ने की है। कनाडा के डाक विभाग ने टिकट जारी करते हुए कहा यह डाक टिकट तोरण से प्रेरित है, जिसे दिवाली के दौरान घरों और मंदिरों के द्वार पर लगाया जाता है। इस डाक टिकट में पीले और संतरी रंगों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही गैंदे के फूलों और आम के हरे पत्तों को भी दर्शाया गया है। साथ ही दीये भी कनाडा के डाक



टिकट पर दर्शाए गए हैं। यह डाक टिकट एक विशेष बुकलेट में जारी किया गया है, जिसकी कीमत 5.52 कनाडाई डॉलर या करीब 340 रुपये रखी गई है। बता दें कि यह लगातार पांचवा साल है, जब कनाडा के डाक विभाग ने दिवाली के अवसर पर विशेष डाक टिकट जारी किया है। कनाडा में दिवाली के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कनाडा की संसद में बीते हफ्ते से ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को भी पार्लियामेंट हिल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कनाडा के विपक्षी नेता पिएरे पोलिवरे और कनाडा में भारत के राजदूत संजय कुमार वर्मा आदि शामिल हुए। इस कार्यक्रम का सह-आयोजन कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद टॉड डोहार्टी ने किया था। पार्लियामेंट हिल में नेशनल दिवाली सेलिब्रेशन को इस बार 23वां साल है और साल 2000 से यह आयोजन हो रहा है। बीते रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी दिवाली कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्लियामेंट हिल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम का आयोजन कैबिनेट मंत्री अनिता आनंद ने किया।

## कतर में नौ पूर्व नौसेनिकों की सजा पर भारत ने दायर की अपील, विदेश मंत्रालय ने दिया बड़ा अपडेट

**टोरंटो।** कतर की एक अदालत द्वारा पिछले महीने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गयी मौत की सजा के खिलाफ एक अपील दायर की गई है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोहा में भारतीय दूतावास को मंगलवार को बंदी भारतीयों से एक बार फिर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई थी और भारत उन्हें सभी कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान करता रहेगा। कतर की 'कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस' ने 26 अक्टूबर को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने इस फैसले को अत्यंत स्तब्ध करने वाला बताया और कहा कि मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। जानिए क्या बोले अरिंदम बागची? बागची ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ''मामले में पहले ही अपील दायर की गई है।' निजी कंपनी 'अल दहरा' के साथ काम करने वाले इन भारतीय नागरिकों को पिछले साल अगस्त में कथित रूप से जासूसी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय नागरिकों के खिलाफ आरोपों को कतर या भारत के अधिकारियों ने सार्वजनिक नहीं किया है। कतर की अदालत की व्यवस्था पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह इस मामले को अत्यंत महत्व दे रहा है और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहा है। भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मियों के खिलाफ आरोप 25 मार्च को दाखिल किये गये थे और उन पर कतर के कानून के तहत मुकदमा चलाया गया।दरअसल, कतर की एक अदालत ने एक साल से अधिक समय से हिरासत में रखे गए 8 पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाई है। जब ये सजा पिछले दिनों सुनाई गई तो भारत सरकार ने सज़ा पर हैरानी व्यक्त की थी और अपने नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी उपलब्ध कानूनी विकल्पों का पता लगाने की प्रतिज्ञा की। इन अधिकारियों को कतर ने जासूसी के आरोप में 1 वर्ष से अधिक समय से वहीं कैद कर रखा है। बता दें कि इन लोगों में कई ऐसे अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय नौसेना में रहते हुये प्रमुख भारतीय युद्धपोतों की कमान संभाली थी।

# कांग्रेस ने विधायक मेवाराम जाटव को बनाया एआईसीसी पर्यवेक्षक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-** गोहद विधायक मेवाराम जाटव को कांग्रेस पार्टी ने एआईसीसी पर्यवेक्षक बनाया है जिसमें सचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पत्र जारी करते हुए विधायक मेवाराम जाटव को भिंड, गोहद, अटेर, मुरैना असेंबली के एआईसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी है। पत्र जारी करते हुए बताया कि मौजूदा चुनाव, मध्यप्रदेश के वर्तमान



व भविष्य, दोनों के लिए अति महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश के विकास पर अंकुश लगाने वाली रोजगार विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी, एससी/एसटी/ओबीसी विरोधी-भाजपा को हराना हमारा दायित्व है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे के नीचे मध्यप्रदेश में उन्नति व विकास के एक नए युग की शुरूआत हमारा कर्तव्य भी है, और हमारा रास्ता भी है अतः कार्यवाहक क्षेत्र में कांग्रेस की जीत दिलाने का भरोसा जताया है

### खरगोन पुलिस द्वारा अवैध नौसादर विक्रेताओ के विरुद्ध की गई कार्यवाही

# जिला खरगोन के 02 थानों पर पंजीबद्ध किए प्रकरण,थाना बड़वाह पर 02 प्रकरण व थाना कसरावाद पर 01 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ,188 भादवि के तहत की गई है कार्यवाही

**खरगोन जिले**

**मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा अवैध रूप से बिक रहे नौसादर



(जो की अवैध मदिरा शराब के निर्माण मे मदिरा को अधिक नशीली बनाने के लिए उपयोग किया जाता है) पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को अवैध रूप से बिक रहे नौसादर के संबंध मे पृथक से आदेशित किया गया था । जिसके परिणामस्वरूप थाना बड़वाह व थाना कसरावद पर अवैध रूप से बिक रहे नौसादर पर कार्यवाही की गई ह



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुरैना अगवान पर अभिवादन करते हुए संजय डंडोतिया

# गांव का विकास और क्षेत्र से भ्रष्टाचार खत्म करना मेरी पहली प्राथमिकता

### गांव गांव में मिल रहा भारी जन समर्थन, कांग्रेस प्रत्याशी के पहुंचने पर उमड़ पड़ती है भीड़



रीवा। जिले की सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा ने आज स्पष्ट रूप से जनता से कहा है कि अगर आपने मुझे मौका दिया तो मैं वचन देता हूं कि मेरी पहली प्राथमिकता में क्षेत्र का विकास होगा और दूसरा यहां होने वाले भ्रष्टाचार का अंत कर दूंगा। पिछले 5 साल के दौरान जनप्रतिनिधि द्वारा जो खेल किया गया है और जनता जिस प्रकार से दुखी भाव से मुझे बताती है तो मेरा मन अत्यंत द्रवित हो उठता है। विभिन्न गांव में जनसंपर्क के दौरान अपनी बात रखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान जनप्रतिनिधि ने स्वयं और अपने लोगों के माध्यम से जमकर भ्रष्टाचार किया और कराया। विकास के लिए जो पैसा सरकार से आया उसकी जमकर दोहन किया गया। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, केवल और केवल विकास होगा तथा भ्रष्टाचार बिल्कुल बंद होगा। भ्रष्टाचार के मामले में अगर कोई मेरा करीबी भी सामने आ रहा है तो उसे भी बक्सा नहीं जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि हर गांव में यही शिकायत मिल रही है कि सड़क के लिए पैसा आया था कागज में सड़क भी बन गई है और पैसा भी खत्म हो गया है और सड़क भी नहीं बनी। किसने किया है भ्रष्टाचार, किसके इशारे पर हुआ है भ्रष्टाचार, सब पोल खुल चुकी है। बस कार्यवाही होने की देर है, इसके लिए आपका आशीर्वाद मुझे चाहिए। श्री मिश्रा ने कहा कि आगामी 17 नवंबर को मतदान है और कांग्रेस ने यह वचन दिया है कि अगले 5 साल में मध्य प्रदेश में केवल खुशहाली का दौर रहेगा। कमलनाथ के हाथ को मजबूत करने के लिए जरूरी यह है कि आपका आशीर्वाद मुझे मिले। शुक्रवार 10 नवंबर को प्रत्याशी अभय मिश्रा ने केमार , जेरुका हरिजन बस्ती , बिहरा , कुल्लू, बरवाह , धवैया , छीपटा, दादर , पथरगढ़ी आदि गांव में जनसंपर्क करते हुए लोगों से जन समर्थन मांगा। वहीं स्थानीय जनता ने भी आश्वस्त किया है कि वह भ्रष्टाचार और आतंक की लड़ाई के खात्मे के लिए सब साथ हैं।

### सन्त सतगुरु ही बताते हैं लक्ष्मी, उनके मालिक और सबके

# पिता सतपुरुष से मिलने और खुश करने का तरीका जिससे घर में कोई कमी न रहे

उज्जैन (म.प्र.)त्योंहारों के पीछे छिपे असली मतलब को बताने-समझाने वाले, आदि से अंत तक हर चीज का पूरा भेद जानने वाले, सतलोक आने-जाने वाले, इस समय मनुष्य शरीर मे धरती पर मौजूद पूज्य सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 5 नवंबर 2018 को अपने उज्जैन आश्रम में दिए व यूट्यूब चैनल जयगुरुदेव यूकेएम पर प्रसारित संदेश में बताया कि अभी लोग दीपावली की तैयारियां कर रहे हैं। जगह-जगह पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति लोग खरीद रहे हैं, स्थापना, पूजा करेंगे, लक्ष्मी को खुश करेंगे। कहेंगे इससे लक्ष्मी हमारे घर में आएंगी, रुपया पैसा रुपया धन दौलत बढ़ेगा। तरह-तरह से दीपावली का कार्यक्रम लोग अपने घरों में मनाएंगे।

**विश्वास से लक्ष्मी, उनके मालिक और सबके पिता सतपुरुष को खुश कर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है-**लेकिन असली त्यौहार मनाने के लिए आपके अंदर प्रेरणा हुई और आप यहां पर आए बाकी तो अधिकतर लोगों का नकला हिसाब रहेगा। नकली किसको कहते हैं? जिसकी कोई कीमत न हो। जैसे नकली नोट, नकली सोना, हीरा-मोती लोग बनाते हैं लेकिन उसकी कोई कीमत नहीं होती। यह खेल सब दिखावे का है। लेकिन आप ऐसी जगह



पर आए हो आपको असली चीज मिलने का अवसर है। आप यहां लक्ष्मी और लक्ष्मी के मालिक को भी आप खुश कर सकते हो और उनके जो पिता है सतपुरुष, जो हमारे-आपके पिता हैं, उनको भी आप प्राप्त कर सकते हो लेकिन विश्वास होना चाहिए। जब विश्वास हो जाता है तब तो काम बनता है और अविश्वास में, अधाधुन्ध में आदमी सफल नहीं हो पाता है।

**प्लास्टिक, पत्थर, पटाका, मिठाई से परे जानकार गुरु को ढूंढकर सबको देने वाले को खुश कर लो-**लोग किस से धन दौलत मांगेंगे प्लास्टिक की मूर्तियों से, मिट्टी-पत्थर से, ऐसे लक्ष्मी-गणेश को खुश करेंगे। कहते हैं न गणेश जी खुश हो जाते हैं तो उनके साथ रहने वाली रिद्धि-सिद्धि भंडार भर देती हैं, किसी चीज की कमी नहीं पड़ती। कार्तिक की अमावस्या में ऐसा मुहूर्त होता है कि इनको जब खुश कर लेते हैं तो घर में कोई कमी नहीं रहती। लेकिन वो तरीका लोगों को नहीं पता।बस ऐसे ही पटाखा फोड़ने, मिठाई बनाने-खाने में त्यौहार को लोग मना लेते हैं। लेकिन जब जानकारी हो जाती है, जो सबको देता है उसको अगर प्राप्त कर लिया जाए, उसको खुश कर लिया जाए, उससे कुछ मांग लिया जाए तो सब कुछ मिल जाता है। इसलिए जानकार पूरे सन्त सतगुरु के पास जाना चाहिए।

**सतसंग का ऑनलाइन प्रसारण-**सन्त उमाकान्त जी का सतसंग प्रतिदिन प्रातः 8-40 से 9-15 तक (कुछ समय के लिए) साधना भक्ति टीवी चैनल और अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम (लाइव भी) पर प्रसारित होता है। बाबा उमाकान्त जी महाराज के आश्रम का पता- बाबा जय गुरु देव धर्म विकास संस्था, पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने, मक्सी रोड़, उज्जैन, म.प्र. मो. 9575600700, वेबसाइट व यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम।

# कांग्रेस राम के नाम की है विरोधीः खत्री

**बैरसिया।** कांग्रेस भगवान राम से इतनी नफरत करती है कि उनके नाम का तक विरोध करती है। इसका जीता जागता उदाहरण बैरसिया में ही देख लीजिए, कांग्रेस नेता रामभाई मेहर पिछले 20 सालों से टिकट की मांग कर रहे है, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट सिर्फ इसलिए नहीं दिया, क्योंकि उनका नाम राम है। यदि नाम कुछ और होता तो टिकट मिलना तय था। सिर्फ नाम की शुरुआत राम से होने के कारण राम भाई मेहर का टिकट काटा गया है। यह बात भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने शुक्रवार को जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह बात हम नहीं हो रही है कि रामलला 22 जनवरी को विराजने वाले है। राहुल गांधी बार-बार अपने भाषणों में तारीख नहीं बताने के आरोप लगा रहे थे। अब जब तारीख आ गई तो मौन धारण कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है, वह करती है। हमनें अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बनाने की बात कही थी, जो बनकर तैयार हो गया है और हमने रामलला को विराजमान करने की बात कही थी तो 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। शुक्रवार को निपानिया जाट, रायपुर, काछी बरखेडा, सगौनी, दुपाड़िया, सेमरा, पसैया, गड़ा कला, कढैया कोटा, मनाकुण्ड, नायसम्बद, गुजरतोड़ी, बांधीखेड़ी, सुंदरपुरा झागर, बीलखोह, बेरखेड़ी एवं बन्दरूआ में जनसम्पर्क किया।



# धन्वंतरि वाटिका में पर्यावरण मित्रों ने भगवान धन्वंतरि प्रकटोत्सव पर्व मनाया

धन्वंतरि वाटिका में किया पारिजात (हरश्रृंगार) पौंधे का रोपण



**नीमच/** आयुर्वेद के जनक, आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि जी के अवतरण पर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा शुक्रवार दिनांक 10 नवम्बर को प्रातः 9 बजे गांधी नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट एक स्मृति वन परिसर में धनवंतरी वाटिका में पर्यावरण मित्रों द्वारा धनतेरस के पावन पर्व पर भगवान धन्वंतरि जी के प्रकटोत्सव पर्व पर पुजा अर्चना कर धनवंतरी वाटिका में समुद्र मंथन में आरोग्य औषधि पारिजात (हरश्रृंगार) का पौधा रोपित किया गया, संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि धनतेरस बर्तन गहने खरीदने का नहीं अपितु वैद्य धन्वंतरि प्रकटोत्सव पर्व है जिन्होंने आयुर्वेद का ज्ञान दिया है कुछ ने बिजनेस कि नियत से गुमराह कर धनवंतरी शब्द का अपभ्रंश करके धनतेरस कर दिया है धनतेरस वास्तव में ऋषि धन्वंतरि जी का अवतरण है,जो आयुर्वेद के जनक है, ऋषि कहते हैं कि आयुर्वेद का पालन करो तो तुम्हारे जीवन में स्वास्थ्य,समृद्धि, आरोग्य, सुख, वैभव, अक्षय, यश, अपार धन बना रहेगा, इन्हीं कामनाओं के साथ दिपावली पर्व की शुरुआत भगवान धन्वंतरि जी के अवतरण दिवस से की जाती है, संस्था सचिव डॉ राकेश वर्मा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जी के अवतरण दिवस पर संस्था संरक्षक श्री राम आर्थोपेडिक हास्पिटल के डॉ यशवंत पाटीदार, संस्था संरक्षक जगदीश शर्मा, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव डॉ राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, कृति साहित्य सामाजिक संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल गोंड, डॉ पारस जैन,, दुलीचंद कनेरिया, कमल बंटी सोनी, चाईल्ड रिलिफ मिशन फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुप चोधरी, आदि ने भगवान धनवंतरी जी पुजा अर्चना कर पारिजात हरश्रृंगार पोंधे का रोपण किया, उक्त जानकारी संस्था प्रवक्ता डॉ राकेश वर्मा ने दी है, डॉ राकेश वर्मा प्रवक्ता संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच।

# कलेक्टर ने 8 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा** 10 नवम्बर 2023. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 8 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। विधानसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। इन 8 आदतन अपराधियों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, अवैध शस्त्रों के उपयोग, लोगों को डराने-धमकाने तथा अन्य आपराधिक कृत्यों के कारण यह कार्यवाही की गई है। इन अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में धारा 294, धारा 323, धारा 506, धारा 341, धारा 323, धारा 34, 110 जाप्ता फौजदारी तथा अन्य धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बार-बार समझाइश के बावजूद इन अपराधियों के आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के



प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने रोशन गुप्ता उर्फ रोशन राक्स पिता विकास गुप्ता आयु 22 वर्ष निवासी अमहिया, शिवम सिंह उर्फ दिव्यराज सिंह परिहार पिता शिवराज सिंह परिहार आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम सिरखिनी, सचिन सिंह बघेल उर्फ छोटू पिता संतोष सिंह बघेल आयु 29 वर्ष निवासी ग्राम महसुआ तथा शनि सिंह उर्फ जय सिंह पिता दद्दू सिंह उर्फ वीरेन्द्र सिंह निवासी रायपुर कर्चुलियान को जिला बदर के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने रीतेश साकेत पिता सुशील साकेत आयु 24 वर्ष निवासी गल्ला मंडी रीवा, चिराग खान पिता फजलू खान आयु 24 वर्ष निवासी अमहिया रीवा तथा धनेन्द्र गौतम पिता तुलसीदास गौतम आयु 42 वर्ष निवासी ग्राम लूक को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चुनावी आमसभा सोनहत में होगी आयोजित

**कोरिया/बैकुंठपुर** - अवगत करा दें की छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 अंतर्गत दो चरणों में मतदान होना था। जिसके मद्देनजर 7 नवंबर को पहले चरण का मतदान बस्तर और दुर्ग संभाग के 20 विधानसभा सीटों पर संपन्न कराया जा चुका है। जिसके बाद अब दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियां जोरों पर है।जिस बावत भारतीय जनता पार्टी कोरिया और एम सी बी जिले के प्रत्याशियों के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक भाजपा और मोदी सरकार के केंद्रीय रक्षा मंत्री व भाजपा के कद्दावर नेता राजनाथ सिंह की चुनावी आमसभा का आयोजन किया जाना है। आमसभा कोरिया जिला अंतर्गत व भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के सोनहत विकासखंड मुख्यालय के सलगवा कला स्कूल मैदान में दिनांक 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगी । आपको बता दें की उक्त आमसभा कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल व एम सी बी भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी के संयुक्त नेतृत्व में और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगी। यह चुनावी आमसभा विशेष रूप से भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के लिए बतौर चुनावी आमसभा होगी। जिस आमसभा के माध्यम से भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं और कोरिया तथा एम सी बी जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संबोधित किया जायेगा।



# प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही स्कूलों में मिलेगी निःशुल्क शिक्षाः विधायक पाठक

**ग्वालियर।** दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने कहा है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रदेश में स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग एवं आयु के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू होगी7विधायक पाठक ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को 500 रुपए नवी से दसवीं तक को 1000 रूपए एवं 11वीं से 12वीं तक के बच्चों को 1500 रूपए प्रतिमाह मिलेंगे और साथ में स्कूली शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी।इसके साथ ही विधायक पाठक ने कांग्रेस सरकार बनने के बाद प्रदेश में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने के बारे में बताते हुए कहा कि नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपए दिए जाएंगे , सिलेंडर जो अभी लगभग 1200 में मिल रहा है वह 500 में दिया जाएगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को भी डबल करते हुए 600 से 1200 रूपए कर दिया जाएगा । बिजली का बिल भी 100 यूनिट तक मुफ्त एवं 200 यूनिट तक आधा किया जाएगा। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य बीमा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के अलावा युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों के लिए भी कई क्रांतिकारी योजनाएं लागू की जाएगी। विधायक



पाठक ने लोगों से कांग्रेस पार्टी को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं और महंगाई और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाएं। दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक द्वारा अपने परिजनों के साथ सतत संपर्क बनाए रखने के क्रम में आज वार्ड 37 में परिजन संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसके तहत सभी कार्यकर्तागण माधव नगर गेट नंबर 1 पर एकत्रित होकर माधव नगर गेट नंबर 2 तक पहुंचे यहां से मंगलेश्वर हनुमान जी मंदिर से होते हुए संजय नगर काली माता मंदिर तक घर-घर जनसंपर्क करते हुए आगे बढ़े।परिजन संपर्क कार्यक्रम के दौरान कई स्थानों पर विधायक पाठक को फलों से एवं कई स्थानों पर लड्डूओं एवं अन्य मिठाइयों से तोला गया। स्थानीय लोगों ने पूरे क्षेत्र को कांग्रेसमय करते हुए झंडों, बैनरों-पोस्टरों एवं गुब्बारों से सजाकर पटाखे फोड़ कर विधायक पाठक का स्वागत किया एवं कई स्थानों पर फूल माला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया। विधायक पाठक ने आज शाम परिजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड 51 एवं वार्ड 55 में दो स्थानों पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर अपने परिजनों से संवाद किया।पहला कार्यक्रम वार्ड 55 में खजांची बाबा की दरगाह के पास एवं दूसरा कार्यक्रम वार्ड 51 में गड्ढा वाला मोहल्ला, सिकंदर कंपू पर आयोजित किया गया।

## आज भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के साथ मुक्तिधाम में दीपक जलाए : प्रभात झा

### नरक चौदस पर एक दिया पुरखों के नाम

**ग्वालियर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा ने प्रति वर्ष की भांति इस बार भी छोटी दीपावली आज एक दिया पुरखों के नाम नरक चौदस के दिन ग्वालियर महानगर के मुक्तिधामों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के साथ ग्वालियर क्षेत्र के एवं अपने पुरखों के लिए दिये जलाए। जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा सायं 4 बजे मुरार मुक्तिधाम पर, सायं 4.30 बजे चार शहर का नाका एवं सायं 5 बजे लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम पर पूर्वजों की याद में दीपदान किया। ज्ञातव्य है कि प्रभात झा ने विगत दो दशकों से दीपावली पर्व पर इस अनूठी परंपरा को निरंतर बनाए रखा है।





प्रभात झा कहते हैं कि भारतीय धार्मिक संस्क्रति में शुरुआत से ही छोटी दीपावली पर पुरखों के नाम दीपक जलाने की परंपरा रही है। इस दिन पड़ने वाली नरक चौदस के दिन इस सुदीर्घ परंपरा का निर्वाह किया जाता है। ग्वालियर शहर को आज हम जिस सुविकसित व उज्जवल अभिनव स्वरूप में देख रहे हैं, उसकी पृष्ठभूमि में हम सभी के पुरखों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस तरह हम छोटी दीपावली पर अपने महान पुरखों की पुण्य स्मृति में दीप जलाकर अंचल के चतुर्दिक विकास में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है। इस अवसर भाजपा जिला दायक अभय चौधरी, मुन्ना लाल गोयल, उदय अग्रवाल, जयप्रकाश राजोरिया, विनय जैन, राजू पलैया, ललित नागपाल, ओम प्रकाश शेखावत, श्याम सिंह सेंगर, ब्रजमोहन शर्मा, प्रकाश लोहिया, जितेंद्र गुर्जर, बंटी राणा, सुशील वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे ?।

## वाह गोदरेज : प्रोडक्टस की नहीं दीपावली पर सुरक्षा पब्लिसिटी, अनूठा उदाहरण

**ग्वालियर।** एक कंपनी ऐसी भी है जो दीपावली पर अपने प्रोडक्टस की ब्रांडिंग न कर लोगों से दीपावली को सुरक्षापूर्वक मनाने की अपील करती है। यह कंपनी हैं गोदरेज कन्जूमर प्रोडक्टस मालनपुर। इस कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट एचआर एवं प्रशासन अविनाश मिश्रा की पहल से पूरे समाज, प्रदेश में एक सकारात्मक मैसेज जा रहा हैं।गोदरेज कन्जूमर प्रोडक्टस दीपावली पर अपने उत्पादों की ब्रांडिंग पब्लिसिटी करने





की बजाय दीपावली को सुरक्षापूर्वक मनाने की अपील कर अपने घर व परिवार को आग से बचाने के लिये सजग करती है। गोदरेज कंपनी की अपील को हम जस की तस प्रकाशित कर रहे है।वाइस प्रेसीडेंट अविनाश मिश्रा का कहना है कि हमने सुरक्षित राष्ट, सुरक्षित समाज व सुरक्षित परिवार की अनूठी बात कर लोगों को जागरूक किया है, क्योंकि दीपावली पर आग से काफी जनहानि होती है। इसीलिये बेहद सुरक्षा से दीये, मोमबत्ती व पटाखों का उपयोग करें।

## कॉंग्रेस ने हमेशा गरीब और सर्वहारा वर्ग की चिंता की :सुनील शर्मा

कॉंग्रेस का हाथ गरीबों के साथ कॉंग्रेस ने हमेशा गरीब और बेसहारा लोगों की मदद की है ये बात शनिवार को ग्वालियर विधानसभा 15 के कॉंग्रेस प्रत्याशी सुनील शर्मा ने चुनावी जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं से कही । जनसंपर्क के दौरान सुनील शर्मा वार्ड 31 और 13 के गणपती बिहार साकेत नगर आर पी कालोनी तानसेन नगर क्षेत्र के नागरिकों से मिले



मतदाताओं से 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में चुनाव मे उन्होंने कॉंग्रेस को वोट करने की बात कही। सुनील शर्मा ने नागरिकों से कहा की आपका एक वोट प्रदेश और ग्वालियर विधानसभा की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। इसी दौरान भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष यादव,जिला मीडिया प्रभारी रामेश्वर प्रजापति और युवा मोर्चा मंडल मंत्री अचल सिंह राठौर ने कॉंग्रेस की सदस्यता ली और सुनील शर्मा को जितने का संकल्प लिया इस मौके पर सुनील शर्मा ने कहा की पिछले 20 वर्षो से विकास के नाम खोखले वादे किये गये लेकिन अब जनता झूठी भाजपा का असली चेहरा पहचान चुकी है इसी लिए अब पूरी तरह से प्रदेश को भाजपा मुक्त करने की जरूरत है

## ग्वालियर में कांग्रेस की लहर : के.डी. द्विवेदी

**ग्वालियर।** किसान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ग्वालियर मुरैना की एआईसीसी पर्यवेक्षक साधवी के.डी. द्विवेदी ने 15 ग्वालियर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुनील शर्मा के साथ क्षेत्र में जनसम्पर्क किया और जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साधवी के.डी. द्विवेदी ने कहा कि ग्वालियर मुरैना संभाग में कांग्रेस बहुत मजबूती से



उभर कर सामने आई है, जनता में भाजपा सरकार और उनके जनप्रतिनिधियो के निष्क्रियता के चलते रोष व्याप्त है, जनता का पूरा रूझान कांग्रेस के साथ है और ग्वालियर मुरेना संभाग के सभी कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहे है और मप्र में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही है। मप्र में कांग्रेस की सरकार ने किसानो के हित में अनेक योजनांए लाएंगी और किसानो के विकास और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास में तत्पर रहेगी। जनसम्पर्क में संजय शास्त्री, मुकेश निभ एवं जिलाअध्यक्ष कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ गिर्राज शर्मा साथ थे।

## भाजपा की करनी व कथनी में अंतर : सतीश सिकरवार

**ग्वालियर।** भाजपा के नेता आप लोगों के बीच पहुॅच रहे हैं, अब इनसें पूंछिऐ कि कोरोना काल के संकट में कहां थे। भाजपा के लोग जनता की मदद करने घरों से नहीं निकले थे। जबकि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकार्ता मेरे साथ जनसेवा करने में जुटा रहा और हर संभव मदद की। भाजपा की करनी व कथनी में अंतर है। भाजपा झूंठ बोलती है। गरीबों पर अन्याय-अत्याचार व शोषण करती है। आज मंहगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है। भ्रष?टाचार चरम पर रहा, बगैर लिए दिए कोई काम नहीं हुआ। अब जनता कांग्रेस को जिताने का संकल्प ले चुकी है और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने क्षेत्र में विकास व प्रगति के अनेक कार्य किए है और आगे इन कार्यो को गति प्रदान करेंगे। यह विचार आज कांग्रेस प्रत्याशी



एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनसंपर्क के दौरान आमजनों के बीच व्यक्त किये। आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ थाठीपुर गांव बीजासेन माता मंदिर से जनसंपर्क प्रारम्भ कर वहां से संपूर्ण थाठीपुर गांव, गुलाबपुरी, बलवंत नगर, न्यू सिटी सेंटर, पटेल नगर के आस-पास की गलियों में हर घर हर मतदाता से रूबरू होकर सघन जनसंपर्क किया। इसके साथ ही महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, सत्यप्रकाश सिंह सिकरवार, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार 'गांधी' एवं आदित्य सतीश सिकरवार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर पूर्व के अन्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।





स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478